हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

बोरीगारका-कातरो मार्ग पर पुल निर्माण को लेकर पीडब्लूडी कार्यालय का.... 13



भिलाई निगम क्षेत्र के 25 तालाबों को सूखने से बचाने भरा जा रहा पानी... 14





## खबर संक्षेप

### दुर्ग एसएसपी ने 14 पुलिस कर्मियों को किया इधर उधर



**भिलाई।** दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस विभाग में बड़ा फेर बदल किया है। उन्होंने तीन उप निरीक्षक, तीन सहायक उप निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और 7 आरक्षकों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें एसआई दरबारी राम तारम को थाना छावनी से पुलिस लाइन दुर्ग, एसआई रोशन बघेल थाना पद्मनाभपुर से छावनी, एसआई वरुण देवता को छावनी से पद्मनाभपुर थाना भेजा गया है। इसके साथ एएसआई संतोष साहू को रक्षित केंद्र दुर्ग से छावनी थाना, एएसआई लक्ष्मीनारायण जोशी को जेवरा सिरसा चौकी से महिला थाना दुर्ग और एएसआई गिरजा शंकर को महिला थाना दुर्ग से चौकी जेवरा सिरसा चौकी भेजा गया है। एक प्रधान आरक्षक सूरज पाण्डेय को अंजोरा चौकी से छावनी थाना भेजा गाय है। 7 सिपाहियों में लव कुमार पाण्डेय को थाना नंदिनी नगर, जितेंद्र सिंह को थाना जामगांव आर, महताब अहमद को थाना रानी तराई, सैय्यद शाह नवाज को थाना उतई, अखिलेश मिश्रा को थाना उतई, जी रवि को थाना छावनी और कयामुद्दीन खान को थाना छावनी भेजा गया है।

### कार डिवाइडर से टकराई, जीएम घायल




**भिलाई।** बुधवार को दोपहर सेंट्रल एवेन्यू रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में भिलाई इस्पात संयंत्र के एक अधिकारी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सेक्टर नौ हास्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद शाम को छुट्टी दे दी गई । वहीं कार चालक को भी मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार सेंट्रल एवेन्यू में बीएसएनएल चौक पर र महाप्रबंधक जी भट्टाचार्जी की मारुति कार सीजी 04 ओबी 4208 डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में बैठे जीएम के भट्टाचार्य जी को सर पर हल्की चोट आई और ड्राईवर भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाने से पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने भीड़ को इधर-उधर करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इसी दौरान मौके पर थाना प्रभारी भी वहां पहुंचे। उन्होंने अपनी कार में घायल को बिठाकर सेक्टर-9 हास्पिटल पहुंचाया और भर्ती करवाकर इलाज शुरू करवाया। बताया जा रहा है कि प्राथमिक उपचार के बाद जीएम को डिस्चार्ज कर दिया गया । वहीं उनकी क्षतिग्रस्त मारुति कार को भट्ठी थाना में खड़ा कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्विनसिटी के 98% विद्यार्थी उत्तीर्ण, 884 विद्यार्थियों का 95% से ज्यादा अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सीबीएसई दसवीं बोर्ड का रिजल्ट बुधवार को घोषित हुआ। इस बार भी एजुकेशन हब ट्विनसिटी के विद्यार्थियों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। सीबीएसई ने दुर्ग जिले में दसवीं बोर्ड की परीक्षा के लिए 16 परीक्षा केंद्र बनाए थे। जिलेभर के 73 सीबीएसई स्कूलों के 8846 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें 98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। यानी 8670 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पिछले साल वर्ष 2025-26 में 95.61 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए थे। इस तरह पिछले साल से 2.39 प्रतिशत रिजल्ट सुधरा है। खास बात यह है कि इनमें से 95 प्रतिशत से ज्यादा रिजल्ट 884 विद्यार्थियों ने प्राप्त किया है। 95 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच 1326 विद्यार्थियों ने हासिल किया है। 90 से 80 प्रतिशत के बीच 2200 से ज्यादा विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। सीबीएसई ने इस बार पूरक या परीक्षा में अपने मार्क्स कम आंकने वाले विद्यार्थियों के लिए फिर से मई में परीक्षा आयोजित करेगा। रिचेंकिंग व पुनर्मूल्यांकन की जगह दोबारा परीक्षा का नियम लागू किया है। इसलिए कोई मेरिट सूची नहीं जारी की गई है।

## सीबीएसई दसवीं बोर्ड के रिजल्ट घोषित, डीपीएस दुर्ग के अथर्व का 99.04% व दिव्या का 99.02%

### सीधे मिला रिजल्ट

सीबीएसई ने इस बार विद्यार्थियों को सीधे रिजल्ट भेजा है। इसके लिए सीबीएसई ने अपार आईडी प्रत्येक विद्यार्थियों का जनरेट किया था। इसके पहले यानी वर्ष 2025 तक रिजल्ट स्कूलों में आता रहा है। इस नए सिस्टम की वजह से स्कूल प्रबंधकों को अपने विद्यार्थियों के रिजल्ट की जानकारी लेने के लिए जूझना पड़ा। वहीं विद्यार्थियों को अपने रिजल्ट की जानकारी लेने के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ी।



### मई में दोबारा अवसर, दो दिन में स्कूल को सूचित करें

सीबीएसई मई में उन विद्यार्थियों को दोबारा अवसर देगा जो विद्यार्थी पूरक या फिर अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं है। इसके लिए स्कूल प्रबंधकों ने दो दिन के भीतर सूचित करने कहा है। तीन विषय में दोबारा परीक्षा विद्यार्थी दे सकते हैं। एक विषय की परीक्षा फीस 320 रुपए रखी गई है। शुल्क जमा करने वाले विद्यार्थियों का ब्योरा स्कूल प्रबंधक सीबीएसई को भेजेंगे। सीबीएसई परीक्षा की डेट निर्धारित करेगा।

### जुनवानी डीपीएस में खुशी की लहर





जुनवानी स्थित डीपीएस दुर्ग के दो होनहार विद्यार्थियों अथर्व और दिव्या वशिष्ठ ने शानदार अंक हासिल किया हैं. अथर्व आगे चल कर कॉमर्स क्षेत्र मे कार्य करना चाहते हैं. वही दिव्या डॉक्टर बनने वाली हैं.प्रतिशत की बात करें तो अथर्व ने 99.04 प्रतिशत और दिव्या वशिष्ठ ने 99.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल डॉ. पुनिता नेहरू ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## तपने लगा अप्रैल का महीना, लू एलर्ट भी जारी

# पारा 41 डिग्री पार, गर्म हवाएं भी चलने लगीं इस बार 92 प्रतिशत बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

गर्मी सीजन में पहली बार पारा बुधवार को 41 डिग्री सेल्सियस पार चला गया। इसी के साथ ही गर्म हवाओं के साथ लू भी चलना शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने 15 अप्रैल से लू चलने की चेतावनी दी थी। अचानक 2 डिग्री अधिकतम तापमान बढ़ गया ।

हरिभूमि सरोकार

एक दिन पहले यानी 14 अप्रैल को पारा 39 डिग्री सेल्सियस था। सुबह से ही तेज धूप निकली और दोपहर होते ही गर्मी प्रचंड रूप ले लिया। गर्म हवाओं का सामना लोगों को अब करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के हिसाब से 19 अप्रैल तक लू के हालात बने रहेंगे और पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। हालात को देखते हुए मौसम विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने सेहत के प्रति सचेत रहने के लिए लू एलर्ट भी जारी किया है। वहीं इस साल का मानसून कैसे रहेगा इसकी भी मौसम विभाग ने जानकारी साझा की है।

## प्रति चक्रवात का असर, तीन दिन तक लू चलने का बना सिस्टम



### दुर्ग सहित मध्य क्षेत्र में लू

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग सहित प्रदेश में के मध्य क्षेत्र में एक दो पैकेट में ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है। ग्रीष्म लहर 19 अप्रैल तक करने की संभावना है। 16 अप्रैल को मौसम शुष्क करने की संभावना है।

### प्रति चक्रवात की वजह से बढ़ रहा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश से कोमोरिन तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात कर्नाटक और उससे लगे महाराष्ट्र के ऊपर 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रति चक्रवात की उपस्थिति के कारण, प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। यह वृद्धि मध्य क्षेत्र में दो से तीन डिग्री तक, अगले दो दिनों में होने की संभावना है।

### इस बार मानसून रहेगा कमजोर मौसम विभाग का पूर्वानुमान

भारत मौसम विभाग ने इस साल का मानसून कैसा होगा इसका भी अनुमान जारी किया है। दीर्घकालीन मानसून ऋतु 1 जून से 30 सितंबर तक रहता है।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने प्रारंभिक पूर्वानुमान के अनुसार देश में 92% वर्षा होने का पूर्वानुमान दिया गया है । लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा बताते हैं कि प्रदेश में भी 92% से अधिक वर्षा संभव है । इतनी वर्षा सामान्य वर्षा के रूप में जाना जाता है । छत्तीसगढ़ में वर्षवार मानसून ऋतु 1 जून से 30 सितंबर तक औसत वर्षा 1142.1 मिलीमीटर रही है।

### पिछले साल प्रदेश में हुई अच्छी बारिश

मौसम विज्ञानी चंद्रा बताते हैं कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में 2012 से 2025 तक वर्षा की स्थिति लगभग अच्छी ही रही है । सामान्य से +/- 10% को सामान्य वर्षा माना जाता है । वर्ष 1990 से अब तक वर्षा इसी सीमा पर रहने के कारण खेती और जल भंडार की स्थिति संतोषजनक रहा है । अब उद्योगों को पानी देने के कारण खेती के ग्रीष्म कालीन फसल के लिए पानी कम हो रहा है । ग्रीष्म कालीन फसल के लिए धरती के अंदर का जल भंडार का उपयोग करने के कारण ही तालाब, छोटे नदी और नाले सूख रहे है ।

**एक्सपर्ट व्यू** | **मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा**

### अप्रैल महीने 44 डिग्री तक पारा, यही ट्रेंड

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा बताते हैं कि बीते एक दशक के मौसम के आंकड़ों पर नजर डालें तो एक दिलचस्प ट्रेंड सामने आता है। जिले में अप्रैल महीने में हर तीसरे साल तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है, जबकि बीच के दो वर्षों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच रहता है। वर्ष 2016 में तापमान 44.4 डिग्री, 2019 में 43.8 डिग्री, 2022 में 43.6 डिग्री और 2025 में 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। यानी हर तीन साल के अंतराल पर तेज गर्मी का दौर आता रहा है। ऐसे में ट्रेंड के आधार पर इस साल अप्रैल में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना कम मानी जा रही है। वैश्विक स्तर पर अलनीनो और ला-नीना का प्रभाव मौसम तीन से पांच साल के अंतराल में बदलता रहता है। वहीं छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में बारिश 90 प्रतिशत से भी अधिक हो सकती है।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार



भिलाई। सुपेला थाना पुलिस के साथ आरोपी युवक व बरामद मोटर साइकिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- सुपेला थाना पुलिस ने की कार्रवाई

सुपेला थाना पुलिस ने संगठित अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने गिरोह के 3 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके कब्जे से चोरी की 2 मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार कोसानगर निवासी रामेश्वर यादव ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 अप्रैल की रात उनके घर के सामने खड़ी यामाहा एफजेड एस बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से अहम सूचना मिली कि संदेही मनीष दास बैरागी अपने साथियों के साथ इलाके में घूम रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और तीनों संदेहियों को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने कोसा नगर से यामाहा एफजेड एस बाइक चोरी की थी। इसके अलावा लक्ष्मी नगर क्षेत्र से सीडी डीलक्स बाइक चोरी करना भी कबूल किया। आरोपियों ने यह भी माना कि वे आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से अलग-अलग क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरफ्तार आरोपियों में मनीष दास बैरागी (21 वर्ष), साजन बैरागी (20 वर्ष) और लक्ष्य साहू (19 वर्ष) शामिल हैं। तीनों आरोपी अटल आवास नेहरू नगर भिलाई के निवासी हैं और मिलकर संगठित तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें सीजी 08 एस 1633 और सीजी 07 एलडी 8329 बरामद कर ली हैं। साथ ही प्रकरण में बीएनएस की अतिरिक्त धाराएं जोड़ते हुए आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# पीलिया के तीन मरीज अस्पताल में भर्ती

**दुर्ग।** वार्ड-67 सेक्टर-7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 15 अप्रैल को स्वास्थ्य टीम ने लोगों के घरों का भ्रमण किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 110 घरों का भ्रमण किया गया, जिसमें कोई भी पीलिया से ग्रसित नए मरीज नही मिले। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में कुल 37 पीलिया के मरीज मिले, जिनमें से 3 पुराने मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, भिलाई में उपचाररत है। 1 पुराना मरीज़ पल्स हॉस्पिटल भिलाई से डिस्चार्ज हुए, इस प्रकार कुल भर्ती मरीज 3 है । उक्त प्रभावित क्षेत्र में नगर निगम भिलाई की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लक्षणयुक्त मरीजों की जांच की जा रही है, वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग एवं डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में विजय सेजुले, सुपरवाइजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया है।



# एक ही रात में चार घरों में लाखों की चोरी, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- कहीं घरों से सामान पार तो कहीं वाहन चोरी

मंगलवार को चोरी की चार अलग-अलग घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक ही दिन में 4 मामले दर्ज होने से पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। जामुल थाना, मोहन नगर और पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हुई है। चोरों ने कहीं बंद घरों को निशाना बनाया, तो कहीं निर्माण स्थल और सड़क किनारे खड़े वाहन को पार कर दिया।

जामुल थाना क्षेत्र के पहले मामले में सेक्टर-07 निवासी प्रेम प्रकाश यादव ने पुलिस को बताया कि निर्माणाधीन मकान के स्टोर रूम का ताला तोड़कर और दीवार तोड़कर चोरों ने पानी का मोटर, केबल और मशीन समेत करीब 20 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। जामुल थाना अंतर्गत दूसरी घटना आम्रपाली फेस-2 हाउसिंग बोर्ड में हुई। सिम्मु श्याम लाल अहिरवार ने पुलिस को बताया कि परिवार के शादी में जाने के दौरान सूने घर का ताला तोड़कर सोने की चैन, 5500 रुपए नकद और एलसीडी टीवी समेत करीब 55 हजार रुपए की चोरी कर ली गई। इसी रात आसपास के दो और घरों में भी चोरी की वारदात हुई।

तीसरे मामले में ज्योति आडिल ने मोहन नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई किदीपक नगर स्थित एक ब्यूटी पार्लर के बाहर खड़ी एक्टिवा स्कूटी दिनदहाड़े चोरी हो गई, जिसकी कीमत करीब 26 हजार रुपए बताई गई है। चौथी घटना पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत ग्राम धनोरा में सामने आई, जहां पुणे गए परिवार के बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने अलमारी से चांदी के आभूषण, नकदी और अन्य सामान मिलाकर करीब 50 हजार रुपए की चोरी कर ली। कांशीराम देवांगन की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्वच्छ पेयजल के लिए 18 स्थानों में लगे हैं वाटर एटीएम

# दुर्ग में गर्मी से निजात दिलाने वाटर एटीएम सुधरा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- तकनीकी के कारण बंद यूनिट भी जल्द होंगे चालू

शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम दुर्ग द्वारा शहर के 18 प्रमुख स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं, जिससे आम नागरिकों को किफायती दर पर शुद्ध पानी मिल रहा है। इनमें से अधिकांश वाटर एटीएम सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। शेष 4 स्थानों मालवीय नगर, महिला समृद्धि बाजार सिकोला, सिकोला मार्केट एवं नया सब्जी मंडी सिकोला पर तकनीकी ,वाटर लेवल डाउन एवं निर्माण संबंधी कारणों से अस्थायी रूप से संचालन प्रभावित हुआ है, जिनका शीघ्र निराकरण कर जन सुविधा को ध्यान रखकर वाटर एटीएम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध किया जा रहा है। नगर निगम दुर्ग द्वारा सभी बंद वाटर एटीएम को शीघ्र चालू किया जा रहा है,जिससे भीषण गर्मी में शहर के प्रत्येक नागरिक को निर्बाध रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

### पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

मालवीय नगर में पार्षद की अनुशंसा के अनुसार स्थल परिवर्तन के पश्चात कार्य से प्रगति पर है। वहीं महिला समृद्धि बाजार में शेड निर्माण कार्य जारी होने से पेयजल पाइप लाइन छत्तिग्रस्त हुआ, पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जल आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे विभाग द्वारा दुरुस्त कर शीघ्र चालू करने की प्रक्रिया जारी है।




### केबल चोरी के कारण बंद

इसी प्रकार नया सब्जी मंडी सिकोला में पंप एवं केबल की चोरी तथा बोरवेल के जलस्तर में कमी के कारण एटीएम बंद हुआ था। अब इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जल्द ही आम जनता को पुनः सुविधा मिल सके।

# नकली पिस्टल से लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग जिले के खुर्सीपार इलाके में मंगलवार दोपहर एक युवक नकली पिस्टल से लोगों को डराता हुआ घूम रहा था। अपनी धाक जमाने के लिए आरोपी हर वक्त नकली पिस्टल साथ रखता था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 14 अप्रैल की दोपहर टाउन पेट्रोलिंग ने खुर्सीपार चौक के पास जीरो स्ट्रीट गार्डन के पास एक युवक को पिस्टल लेकर घूमते गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम टी. मधुसूदन (30) निवासी एकता नगर, चांदनी चौक, जोन-3 खुर्सीपार बताया। तलाशी के दौरान युवक की जेब से स्टील की एक ट्वाय पिस्टल जब्त की गई। साथ ही एक छोटे डिब्बे में 7 नग प्लास्टिक की गोलियां भी मिलीं, जिनमें बारूद भरा हुआ था।



# करोड़ों के विकास कार्यों को मिलेगी हरी झंडी, सीएम करेंगे इस माह भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग क्षेत्र में प्रस्तावित विभिन्न बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों के भूमिपूजन को लेकर महापौर अलका बाघमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से समय मांगा, इस संबंध में महापौर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शहर के समग्र विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महापौर अलका बाघमार के एक वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दीं। सीएम श्री साय ने कहा कि शहर के विकास और जनहित में किए गए कार्य सराहनीय हैं और आगे भी इसी तरह प्रगति जारी रहे।

मुलाकात के दौरान महापौर ने नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उनके भूमिपूजन के लिए समय देने का आग्रह किया। नगर निगम दुर्ग द्वारा प्रस्तावित ये विकास कार्य शहर के भविष्य को नई दिशा देने वाले साबित होंगे। अब सभी की नजरें भूमिपूजन की तय होने वाली

## दुर्ग बनेगा आधुनिक शहर, महापौर ने सीएम से मांगा भूमिपूजन का समय, मिला आश्वासन

### मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की सराहना

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महापौर को आश्वस्त करते हुए कहा कि इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के भूमिपूजन के लिए शीघ्र ही उपयुक्त तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने नगर विकास के इन प्रयासों की सराहना भी की। सीएम से मुलाकात के बाद महापौर अलका बाघमार ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से दुर्ग शहर में यातायात, स्वच्छता, सीवेज प्रबंधन और शहरी सुविधाओं में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य दुर्ग को एक आधुनिक, स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है।



### इन कार्यों का होगा भूमिपूजन

मल्टी लेवल पार्किंग – 17 करोड़
एसएलआरएम सेंटर – 11 करोड़
सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट – 170 करोड़
अधोसंरचना संधारण कार्य – 20 करोड़
नगरोत्थान योजना – 40 करोड़
जैसी योजनाएं शामिल हैं, जिनसे शहर के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा।

## खबर संक्षेप



### ढौर समिति का सीएम ने किया आभासी शुभारम्भ

**सेलूद।** सेवा सहकारी समिति सेलुद के चार गांवों को अलग करके ढोर समिति का निर्माण किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आभासी (वर्चुअल) माध्यम से किया। यहां ढौर, अचानकपुर, मुड़पार और चुनकट्टा गांव के किसानों को समिति खाद-बीज व धान विक्रय करने में सुविधा होगी। प्राधिकृत अधिकारी लक्क्षमीनारायण चंद्राकर नें नवीन समिति के बारे मे जानकारी दी। सेलुद प्राधिकृत टामनलाल, सरपंच ढौर मेघा ठाकुर, पंचगण उत्तम धनकर, टामन साहू, राजकुमार मिश्रा, हरप्रसाद आडिल, भानुप्रताप साहू, रमेश देवांगन, लक्ष्मण यादव, चंपा यादव, केशव साहू व किसान समिति कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन शिव साहू व आभार प्रदर्शन रोमन दास वैष्णव सहायक समिति प्रबंधक ढौर ने किया ।

### सामूहिक आदर्श विवाह का न्यौता दिया मुख्यमंत्री को

**सेलूद ।** तहसील साहू संघ पाटन के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें तहसील स्तरीय विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान की है।
ज्ञात हो कि तहसील साहू संघ पाटन के तत्वाधान में इकाई साहू समाज भरर में 23वें वर्ष का तहसील स्तरीय विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह 25 और 26 अप्रैल को आयोजित है। इस वर्ष ग्राम भरर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सायके शामिल होने की सहमति से तहसील साहू संघ पाटन के पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है। सौजन्य भेंट के दौरान तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, महासचिव महेंद्र साहू, समाजसेवी डिजेंद्र साहू, कौशल साहू, कृष्णा साहू सहित पत्रकार करन साहू उपस्थित रहे।

## निधन

### मनसुख भाई बाबूलाले भाई नथवाणी

**भिलाई।** वैशाली नगर निवासी



मनसुख भाई बाबूलाले भाई नथवाणी उम्र 78 वर्ष का निधन 15 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे कान्हा भाई के निवास स्थान एसएमसी 11, सड़क 1, पुराना शिव मंदिर कॉलोनी शांति नगर से राम नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश नथवाणी, दीपेश नथवाणी, नम्रता बेन दत्तानी, संजय नथवाणी के पिता थे।

### श्यामरतन साहू

**दुर्ग।** करहीडीह कबीर नगर के



वरिष्ठ समाजसेवी श्यामरतन साहू का आकस्मिक निधन 13 अप्रैल को हो गया है। वे सुकृत दास और हेतु दास के पिता थे।

## भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बढ़ा दबाव, सीएचसी में अपग्रेड की उठी मांग

# रोज 250 मरीज और 350 सालाना डिलीवरी सीमित स्टॉफ से स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर की बढ़ती जनसंख्या का सीधा असर अब स्वास्थ्य सेवाओं पर साफ दिखाई देने लगा है। भिलाई-3 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे डॉक्टरों और स्टाफ पर काम का दबाव भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में इस स्वास्थ्य केन्द्र को सीएचसी में अपग्रेड करने की मांग की जा रही है।

हालत यह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र होते हुए भी यहां मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैसी सुविधाएं देने की कोशिश की जा रही है। सीमित संसाधनों और स्टाफ के बावजूद स्वास्थ्य कर्मी बेहतर सेवाएं देने में जुटे हैं, लेकिन बढ़ती भीड़ अब चुनौती बनती जा रही है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को जल्द से जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दिया जाना चाहिए, ताकि बेहतर संसाधन, अतिरिक्त डॉक्टर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। अगर समय रहते इस दिशा में निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सेवाओं पर और अधिक दबाव बढ़ सकता है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में वो सभी पैरामीटर्स है जिसके बाद उसका उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा सकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के आस-पास की कुल जनसंख्या 1 लाख से ऊपर है। भिलाईतीन-चरोदा नगर निगम में एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। नेशनल हाईवे पर स्थित टाटीबंध से सुपेला के बीच स्थित एक मात्र अस्पताल है। रोजाना दुर्घटना ओर थाने के मारपीट एमएलसी केस दर्ज होकर मुलहायजा कराने आते है। विकास खंड पाटन में केवल 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां से इसकी दूरी 33 किमी ओर 22 किमी है। 38 हजार से ऊपर आबादी क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाना होता है।

## भिलाई-चरोदा नगर निगम में एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है



### दूरदराज से पहुंच रहे मरीज बढ़ा लोड

भिलाई-3 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दो एमओ, एक आरएमए और एक आयुष के डॉक्टर हैं जिनके द्वारा मरीजों की जांच की जाती है। दुर्ग जिले में कुल 21 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 9 सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मौजूद है। यहां जितने मरीजों की जांच की जाती है, दूसरे पीएचसी में नहीं होती। नॉर्मल डिलीवारी के मामले में भिलाईतीन पीएचसी का स्थान दुर्ग जिले प्रथम है। यहां सिर्फ भिलाईतीन ही नहीं चरोदा और दूरदराज क्षेत्र से भी लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में लगातार मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यहां एक्स-रे मशीन की भी सख्त आवश्यकता है। पीएचसी में सालाना डिलीवरी के औसत मामले 120 है। जबकि यहां करीब 350 डिलीवरी कराए जाते हैं।

### 1.10 लाख आबादी का सहारा एक पीएचसी

यहां प्रतिदिन औसतन 250 मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जो पीएचसी की क्षमता से कहीं ज्यादा है। यह स्वास्थ्य केन्द्र नगर निगम भिलाई-3 चरोदा क्षेत्र का एकमात्र सरकारी अस्पताल है, जहां आसपास के लगभग 25 गांवों सहित करीब 1 लाख 10 हजार की आबादी निर्भर है। रोजाना यहां औसतन 5 सामान्य प्रसव कराए जा रहे हैं, जिससे स्टाफ पर अतिरिक्त जिम्मेदारी बनी रहती है। मौजूदा हालात को देखते हुए इस केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीएचसी में अपग्रेड करना बेहद जरूरी हो गया है। इससे विशेषज्ञ डॉक्टर जैसे स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति के साथ सिजेरियन ऑपरेशन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही तीनों पालियों में बेहतर संचालन के लिए पर्याप्त स्टाफ और संसाधन मिल पाएंगे, जिससे क्षेत्र की बड़ी

### जटिल डिलीवरी के लिए दुर्ग जाना पड़ता है

गंगा वर्मा, मितानिन सोमनी ने बताया कि यहां आसपास



के गांवों से मितानिन बहनें गर्भवती महिलाओं को यहां डिलीवरी के लिए लेकर आती हैं। जटिल या ऑपरेशन से होने वाली डिलीवरी के लिए मरीजों को जिला चिकित्सालय दुर्ग रेफर करना पड़ता है, जिससे समय और असुविधा दोनों बढ़ते हैं। सीएचसी में अपग्रेड कर दिया जाए, तो यहां सिजेरियन जैसे बड़े ऑपरेशन भी संभव हो सकेंगे।

### सुविधाओं में होगा विस्तार

थानेशवरी साहू, एएनएम ने बताया कि



पीएचसी भिलाई 3 स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विश्वास का बड़ा केंद्र बन गया है। लोग कुम्हारी, दादर, पर्थरा, चरोदा, गनियारी, मोरिद, पचपेड़ी, बेन्द्री जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से आकर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने से सुविधाओं में विस्तार होगा।

### सीएमएचओ और विधायक को लिखा पत्र

भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और स्थानीय विधायक को भी पत्र प्रेषित कर चुकी हूं, ताकि क्षेत्र की बढ़ती आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।
**-प्रेमलता चन्द्राकर,** पार्षद वार्ड 16, भिलाई-3 चरोदा

### पहले भी मांग कर चुकें हैं



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर की सेवाएं दी जाती है। मैन पावर कम है और स्वास्थ्य कर्मचारियों पर वर्क लोड है। हम पहले से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग कर रहे हैं। इससे आम जनमानस को सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी हम कर्मचारियों पर वर्क लोड कम होगा।
**-सैय्यद असलम,** प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

### स्टॉफ पर बढ़ा है दबाव

यहां बेहतर उपचार के कारण लगातार मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस कारण स्टाफ पर दबाव बढ़ा है। इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने की आवश्यकता है।
**-डॉ. शिखर अग्रवाल,** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, पीएचसी भिलाई-3

## जनगणना के लिए मुनादी के माध्यम से जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

निगम द्वारा नागरिकों को जनगणना के महत्व एवं सर्वेक्षण में सहयोग के लिए प्रेरित करने हेतु मुनादी कराई जा रही है। विभिन्न वार्डों में मुनादी के माध्यम से लोगों को सूचित किया जा रहा है कि वे सर्वेक्षण दल को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे जनगणना कार्य सुचारू रूप से पूर्ण हो सके। इस कार्य के लिए निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो क्षेत्रवार निगरानी करते हुए जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सर्वेक्षण कार्य पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। निगम प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें और अपने घरों में आने वाले सर्वेक्षण कर्मियों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

## पौधों को बचाने डाला पानी



**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालू राम वर्मा के नेतृत्व में भिलाई नगर के विभिन्न सेक्टरों और नगर निगम भिलाई के कई इलाकों में हजारों की संख्या में पौधारोपण किए गए हैं। गर्मी के दिनों में पानी का सिंचन एक निश्चित अंतराल में नितांत आवश्यक रहता है। इसे देखते हुए बालूराम वर्मा ने विभिन्न समाजों, समितियां और धार्मिक संस्थाओं व विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधों में पानी डालने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में पर्यावरण मित्र बालूराम वर्मा के निवेदन करने पर मनवा कुर्मी कल्याण समिति भिलाई नगर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के तहत भिलाई निवास के सामने दिव्यांग ग्राउंड व आसपास पूर्व में रोपित छोटे-छोटे पौधे में पानी सिंचने का कार्य किया गया। इस दौरान सेवक वर्मा, राजेश नायक, नरेंद्र वर्मा, ईश्वरी वर्मा, राजेश वर्मा, दिनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 33 फीसदी आरक्षण से सशक्त होंगी महिलाएं : बंछोर

**जामुल।** भाजपा किसान मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका जामुल अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने कहा है कि महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओ में तैतीस प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम 106 वें संवैधानिक संशोधन, 2023 को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण है। इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इस महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है । यह निर्णय केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है बल्कि यह महिलाओं के आत्मसम्मान सम्मान अधिकार और नेतृत्व क्षमता को संवैधानिक मान्यता देने वाला कदम है ।

## युद्ध की विभीषिका से भारत सहित पूरी दुनिया को हो रहा नुकसान

**भिलाई।** छग प्रगतिशील लेखक संघ व छग हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा सेक्टर 10 साहित्य परिसर में इजराइल ईरान अमेरिका के बीच युद्ध और विभीषिका विषय पर विचार गोष्टी का आयोजन किया गया।

- प्रलेसं व छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन की संगोष्ठी

अध्यक्षता आलोचक प्रोफेसर जयप्रकाश ने की। गोष्ठी में भिलाई दुर्ग के साहित्यकार उपस्थित थे।

आलोचक प्रो.जय प्रकाश ने कहा कि तेल का खेल भी प्रथम दृष्टया युद्ध के कारण हैं । युद्ध की हालात में



जनता रोजमर्रा की जरूरतों गैस तेल आदि की चिंता में हलाकान है देश की संप्रभुता के लिए हमें उदासीन रहना ठीक नहीं तटस्थता कि बजाय हमें युद्ध के कथाकार लोकबाबू ने कहा कि विश्वगुरु हम बनने चले थे हमारे देश की चुप्पी चिंतनीय है । व्यंग्यकार रवि श्रीवास्व ने कहा कि युद्ध किसी भी हाल में विश्व बिरादरी के लिए ठीक नहीं इस कठिन दौर में सभी की जरूरतें सभी से जुड़ी हुई हैं शिक्षाविद डी एन शर्मा ने कहा कि युद्ध के भी अपने नियम होते हैं पर इस युद्ध में मानवता खतरे में हैं स्कूल के विद्यार्थियों पर मिसाइल दागे गए हैं जो दुखदाई । प्रो. थान सिंह वर्मा ने कहा युद्ध के कारण पूरी दुनिया के लोकतंत्र खतरे में हैं। कथाकार ऋषि गजपाल ने कहा लड़ाई किसी के भी बीच हो रहा है पर इस युद्ध में ईरान ने अमेरिका को बेनकाब किया अवश्य है । संगोष्ठी में कवि शरद कोकास, मुमताज, विजय वर्तमान ,विद्या गुप्ता, कमलेश्वर साहू, ऋषि गजपाल, एनएन पांडे,अविनाश सिपाहा ने युद्ध पर केंद्रित कविताओं का पाठ किया।

## पुस्तकों में ही जीवन का सार : डीपी कुईती

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र होती है, हमें सदैव उनका उपयोग करना चाहिए। पुस्तकों में ही जीवन का सार है। ये उद्गार पंडित रविशंकर

- भूगर्भशास्त्र विभाग को 50 बहुमूल्य पुस्तकें

शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के भूगर्भ अध्ययन शाला के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डी.पी. कुईती ने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में व्यक्त किये। डॉ. कुईती ने भूगर्भशास्त्र विभाग को विषय से संबंधित 50 बहुमूल्य किताबें विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख को भेंट की। डॉ. कुईती ने कहा कि वे साईस कालेज, दुर्ग के भूगर्भशास्त्र विभाग की उपलब्धियों से काफी प्रभावित है। यही कारण है, कि विद्यार्थियों को और अधिक ज्ञान



प्राप्त हो, इस उद्देश्य से वे बहुमूल्य भूविज्ञान की किताबें भेंटकर रहे है। इनमें से कई किताबें ऐसीहै , जिनका प्रकाशन बंद हो चुका है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है।डॉ. कुईती द्वारा भूगर्भशास्त्र विभाग को भेंट की गयी किताबों के संदर्भ में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि भू-गर्भशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों का चयन यूपीएससी, एमपीपीएससी, सीजीपीएससी, नेट, सेट, गेट, एमईसीएल, स्टेटजियोलॉजी एवं माईनिंग विभाग तथा राज्य सरकार के माइनिंग इंस्पेक्टर आदि पदों पर बड़ी संख्या में हुआ है। इनप्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में डॉ. डीपी कुईती द्वारा प्रदत्त पुस्तकें, मील का पत्थर सिध्द होंगी। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि आगामी चरण में डॉ. कुईती भूगर्भशास्त्र विभाग को शोध कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण शोध पत्र -पत्रिकाऐं भेंट करेंगे, जिसका सीधा लाभ विभाग के शोधार्थियों को मिलेगा। डॉ. देशमुख ने इस कार्य के लिए डॉ. कुईती को धन्यवाद दिया।

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, M.Geeta, wife of M.Gagana Rao, Daughter of Ambati Rammurty resident of Bunglow No 06 Phase 1 Siddharth Town, Near Housing Board Colony, Umda Road, Bhilai-3 Chhattisgarh 490024, declares that name of mine has been written as Maddu Geeta and Maddu Gagan in the Land Registry Document and M Geeta Rao and M Gagana Rao in my Voter Card. The Actual name and Name of Mine and my husband as of mine and my husband are M. Geeta and M. Gagana Rao which may be amended accordingly.

It is Certified that I have complied with other legal requirements in connection with this name change.

(M.GEETA)

## कलेक्टर जनदर्शन में 117 आवेदन प्राप्त हुए

# राशन दुकान से खाद्यान्न लेने ई-केवायसी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित 117 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर डिप्टी

- समस्याओं के समाधान के लिए विभागों को भेजे आवेदन

कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने जनदर्शन में पहुंचे, जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने हेतु मार्क किया।



### कार्ड से खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायत

राशन कार्ड से खाद्यान्न न मिलने के एक प्रकरण में खाद्य विभाग अधिकारी ने आवेदक को अवगत कराया कि खाद्यान्न प्राप्ति हेतु ई-केवायसी आवश्यक है। उन्होंने अवगत कराया कि स्वयं के एनड्राइड मोबाइल पर माय 'ई-केवायसी' डाउनलोड कर आवेदक स्वयं भी ईकेवायसी कर सकते है। इस अवसर पर समाज कल्याण, नगरीय निकाय, खाद्य राजस्व सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### ऐसे आवेदन मिले

जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने, बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्कूलों का समय बदलने, राशन कार्ड से नाम हटवाने, जुड़वाने, पानी निकासी हेतु नाली की व्यवस्था, पेय जल एवं तालाबों में निस्तारी पानी भरने संबंधी सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 117 आवेदन प्राप्त हुए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत पाटन का 46.39 करोड़ का बजट प्रस्तुत

**सेलूद।** नगर पंचायत पाटन की परिषद बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कुल 46 करोड़ 39 लाख 73 हजार रुपए का बजट प्रस्तुत किया। बैठक में प्रस्तुत बजट को नगर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए नगर पंचायत पाटन की सभापति एवं वार्ड क्रमांक 4 अखरा की पार्षद नेहा बाबा वर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह बजट नगर के लिए नई दिशा और गति प्रदान करेगा।

### जनहित के मुद्दे उठाए परिषद की बैठक में

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन की सामान्य सभा की परिषद बैठक में सभापति नेहा बाबा वर्मा ने वार्ड क्रमांक 4 सहित नगर क्षेत्र की



विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाते हुए अधिकारियों से त्वरित एवं ठोस कार्रवाई की मांग की। बैठक में उन्होंने वार्ड क्रमांक 4 की गंभीर पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि क्षेत्र पूरी तरह ड्राई एरिया बन चुका है और नल-जल योजना से पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने नियमित टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर जल वितरण पॉइंट बनाकर प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से पानी उपलब्ध कराने की मांग की।

### मूलभूत समस्याओं सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**सेलूद।** शिव सेवा समिति, शिवमन्दिर प्रबंधन समिति, शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 18 नगरपालिका परिषद अमलेश्वर की सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक शिवमन्दिर परिसर में हुई । शिव सेवा समिति/शिव मंदिर प्रबंधन समिति के मीडिया प्रभारी ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से शिवपार्क कॉलोनी के मूलभूत समस्याओं नाली की सफाई, रोड की सफाई, कचरा निष्पादन, खाली प्लॉट में उगे खरपतवार की सफाई, आवारा कुत्तों को कॉलोनी से बाहर ले जाने नगरपालिका परिषद अमलेश्वर के माध्यम से उचित कार्यवाही हेतु प्रयास करने, शिवमन्दिर में गेट निर्माण, वर्तमान वित्तीय स्थिति एवं प्रबंधन सहित कॉलोनी के विकास हेतु आवश्यक चर्चा कर उचित निर्णय लिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष द्वय नरेंद्र कुमार दुबे, मोरध्वज साहू, ललित कुमार बिजौरा, लाल बहादुर साहू, विजय देवांगन, विजेंद्र चंद्राकर, विनोद देशमुख और ओंकार साहू सहित शिव सेवा समिति/शिव मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सदस्य गण उपस्थित रहे।

### अंबेडकर को किया याद

**पाटन।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने उन्होंने भीमराव अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके महान योगदान को स्मरण किया। अपने संदेश में कीर्ति नायक ने कहा बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की अद्वितीय मिसाल है।

### अंबेडकर जयंती मनाई



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत कुम्हली में संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडर की जयंती पर नमन वंदन करते हुए तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो में सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर,उपसरपंच विजय कुमार, सोहन ठाकुर ,सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा, सचिव अरुण कुमार निर्मल, कंप्यूटर ऑपरेटर पेमन साहू आदि शामिल थे।

## जून 2026 तक मार्ग पर पुल निर्माण के लिखित आश्वासन के बाद शांत हुए कांग्रेसी

# बोरीगारका-कातरो मार्ग पर पुल निर्माण को लेकर पीडब्लूडी कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

बोरीगारका से कातरो मार्ग में किए गए सड़क निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्र में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित इस मार्ग में सिंचाई नाला होने के बावजूद पुल का निर्माण नहीं किया गया, बल्कि केवल पाइप डालकर सड़क बना दी गई है, जो तकनीकी दृष्टि से त्रुटिपूर्ण एवं पूरी तरह अनुपयुक्त है। इससे जल निकासी बाधित होने और कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका गहरा गई है।

इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के किसानों द्वारा 18 मार्च 2026 एवं 25 मार्च 2026 को पूर्व में भी शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। साथ ही जल संसाधन विभाग द्वारा भी पुल निर्माण के लिए पत्र जारी किया गया था, किंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। उक्त मामले को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों एवं किसानों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर कलेक्टर दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपा और तत्काल पुल निर्माण की मांग रखी।

लोक निर्माण विभाग के कार्यालय घेराव एवं प्रदर्शन के बाद प्रशासन हरकत में आया, जिसमें कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन





विभाग दुर्ग द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया कि उक्त स्थल पर पक्का पुल निर्माण कार्य जून 2026 तक पूर्ण करवा लिया जाएगा।

इस लापरवाही के चलते लगभग 1000 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस पूरे मामले को लेकर किसानों एवं आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख मांगें विस्तारपूर्वक रखी गईं थी जिसमे बोरीगारका-कातरो मार्ग में स्थित सिंचाई नाला स्थल पर तकनीकी मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता का स्थायी पक्का पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए साथ ही उक्त सड़क निर्माण कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा तकनीकी नियमों की अनदेखी करने वाले दोषी अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

इस पूरे मामले को लेकर मंडल अध्यक्ष मचांदुर एवं जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी लगातार संघर्षरत थे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह किसानों के हितों से जुड़ा अत्यंत गंभीर मामला है। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। प्रशासन द्वारा जून 2026 तक पुल निर्माण का दिया गया लिखित आश्वासन स्वागत योग्य है, लेकिन यदि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

इस दौरान उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, महामंत्री राम सुर्यवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, कार्यालय प्रभारी जयप्रकाश साहू, चुम्मन यादव, झमित गायकवाड़, पुष्पा साहू, डिकेंद्र हिरवानी, तोषण साहू, द्वारिका साहू, लुकेश्वरी यादव, सुरता सिंह, शुभम बंभोले, मुन्ना पांडेय, गिरीश साहू, नीलाम्बर साहू, मोहित वालदे, किशन गजपाल, छन्नू गजपाल, शती बघेल, इंद्रकुमार यादव, राम लाल, लीमेश्वर, जानकी, चंद्रमणि, भुनेश्वरी, योगेश्वरी, मनोहर सोनबेर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## धमधा भाजपा मंडल में हुआ व्यापक जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे देशव्यापी "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान के अंतर्गत धमधा भाजपा मंडल में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने ग्राम हीरेतरा, राजपुर एवं बिरझापुर में घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई। इस दौरान साजा विधायक ईश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभव भी जाने। विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि एवं हर घर नल-जल योजना जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की तथा उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली।

अभियान के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ एवं पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। विधायक ईश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल द्वारा उन्हें श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही ग्राम हीरेतरा, राजपुर एवं बिरझापुर के विभिन्न क्षेत्रों एवं मंदिर परिसरों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिससे स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री बनउं वर्मा, छगन साहू, मंडल उपाध्यक्ष कोमल मरकाम, मनीषा ताम्रकार, मनोज साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्वेता शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष बलदाऊ पाल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष हर्ष साहू, एसटी मोर्चा अध्यक्ष नरोत्तम मंडावी, युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, एससी मोर्चा अध्यक्ष छत्रपाल चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश चंद्र साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आरुणि दानी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### गांव चलो-बस्ती चलो अभियान चलाया

**जामुल।** भाजपा मंडल जेवरा- सिरसा में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़ा अंतर्गत "गांव चलो – बस्ती चलो "अभियान के तहत सिरसाखुर्द में 13 अप्रैल सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग छत्तीसगढ़ शासन राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने भाजपा के विस्तार और रीति नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला पंचायत दुर्ग सदस्य एवं सभापति जितेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जनपद सदस्य गण दुर्ग संतोष निषाद, गोकुल वर्मा, रजनी साहू, पूर्णिमा वर्मा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष जेवरा- सिरसा घनश्याम साहू, महामंत्री सचिन राजपूत, सुखनंदन देशमुख, लक्ष्मी, शीतल सहित भाजपा के कार्यकर्ता गण जनप्रतिनिधि गण और सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।





### समरसता दिवस के रूप में मनाई अम्बेडकर जयंती

**उतई।** भाजपा मरोदा पुरैना मंडल के शक्ति केन्द्र डुंडेरा वार्ड 35 व 36 के सभी बूथों पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गया। इस दौरान न.पा.नि. रिसाली के विधायक प्रतिनिधि गोविन्द राम साहू ने अपने विचार व्यक्त किये एवं मरोदा पुरैना मंडल एससी मोर्चा अध्यक्ष केशव महिपाल ने संविधान के मुख्य उद्देश्यिका का वाचन किया।

उक्त कार्यक्रम में गोविन्द राम साहू (विधायक प्रतिनिधि न.पा.नि. रिसाली), खिलेन्द्र चन्द्राकर (पार्षद डुंडेरा वार्ड 35), दुर्गेश साहू (उपाध्यक्ष, भाजपा मरोदा पुरैना मंडल), केशव महिपाल (अध्यक्ष, अ. जा. मोर्चा मरोदा पुरैना मंडल), इन्द्रजीत सोनवानी (मंत्री, भाजपा मरोदा पुरैना मंडल), श्रीमती अंजू देवांगन (कोषाध्यक्ष, भाजपा मरोदा पुरैना मंडल), योगेश महिपाल जी (मिडिया प्रभारी, भाजपा मरोदा पुरैना मंडल), नंद कुमार साहू, (बूथ अध्यक्ष), रंजना मानिकपुरी (बूथ अध्यक्ष), देवेश साहू, (बूथ अध्यक्ष), उदराज साहू (बूथ अध्यक्ष), नारायण निर्मलकर (बीएलए 2), योगेश धनकर, देवेन्द्र महिपाल, उमेश साहू व अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सरपंच संवाद आज

**जामुल।** संवाद से समाधान तक "सरपंच संवाद 2026" का आयोजन जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में 16 अप्रैल गुरुवार को दुर्ग विकास खण्ड के बासिन-जामुल में सुबह 11 बजे से किया गया है। जिले के सभी सरपंच गण इस कार्यक्रम में आमंत्रित है , यह कार्यक्रम ग्राम विकास, जनसंवाद एवं सशक्त नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जहाँ सभी सरपंचगण एक मंच पर आकर अपने विचार, अनुभव एवं सुझाव साझा करेंगे।



### गांधी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल नंदिनी का शानदार परिणाम



**नंदिनी अहिवारा।** गांधी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल नंदिनी का सीबीएसई कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 26 का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता शिक्षकों के मार्गदर्शन उनके माता-पिता तथा विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों व उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्य रेवरेंट सिस्टर फिनसी ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।



### अंबेडकर जयंती मनी

**उतई।** डुंडेरा के मिनिमाता चौक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में पवन बंजारे, ईश्वर साहू, मोनू तिवारी, लोमन सोनी, मनोज बंजारे, जीनत साहू, होमेन्द्र साहू, चंदूलाल गायकवाड़, किशन देवांगन, दिनेश बंजारे, मोहन यादव, छन्नू, टीकाराम आदि मौजूद थे।


## बिजनेस साइट

### प्री बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 24 तक

**भिलाई।** व्यापम द्वारा आयोजित प्री बी एड प्रवेश परीक्षा - 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 24 अप्रैल शुक्रवार, संध्या 5 बजे तक है। बी एड के लगभग 14600 सीट के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। बीएम




कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव दुर्ग जो कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके अंतर्गत बीएड, बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए कोर्स संचालित होता है। यहां प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। आईटीआई प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं।


### किसानों को होगी सुविधा

## सहकारी समितियों का हुआ वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत पाटन ब्लॉक सहित प्रदेशभर में नई सेवा सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया। पाटन ब्लॉक में 10 नई समितियों के गठन की प्रक्रिया अक्टूबर 2025 से चल रही थी, जो अब पूर्ण होकर अस्तित्व में आ रही हैं। इसके साथ ही अब ब्लॉक में समितियों की संख्या 35 से बढ़कर 45 हो जाएगी। नई समितियों में बोरवाय, अरमरीखुर्द, जरवाय, सिकोला, उरला, असोगा, ढोर, धौराभाठा, महकाखुर्द और अरसनारा शामिल हैं। निश्चित तौर पर सहकारी समिति की वृद्धि से



किसानों को सुविधाएं होगी। लेकिन उद्घाटन के वर्चुअल तरीके ने किसानों को निराश भी किया है।

किसान कामता प्रसाद साहू, चतुरसिंह साहू, विश्राम साहू त्रिभुवन साहू , द्रोण चंद्राकर, आदि ने कहा कि नेताओं को अब वोट मांगने का काम भी वर्चुअल ही करना चाहिए। इस अवसर परभगवान सिंह चंद्राकर प्राधिकृत अधिकारी जय चंद्राकर पूर्व डायरेक्टर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, पुणेंद्र सिंह महामंत्री, अंगेश्वर साहू, हुबलाल चंद्राकर, खुमान सिंह जांगड़े, चतुर साहू, मुकुंद लाल चंद्राकर, चन्द्रिका चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, खुमान सिंह चंद्राकर, खिलेश्वर कामरे, ओम कोठारी, गोकुल बारले, चौकराम ठाकुर, शांतनु माहेश्वरी, तोरण लाल सूर्यवंशी, गौतम साहू, देवी साहू, रूपेंद्र कोठारी आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मरार पटेल शुरू से मेहनतकश समाज : भूपेश




**पाटन।** कोसरिया मरार पटेल समाज पाटन राज के पदाधिकारियों ने एक आयोजन में शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पटेल मरार समाज मेहनतकश समाज शुरू से रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार थी तो गौठान योजना के रूप मे गौ माता की गोबर और मूत्र इकट्टा कर किसानों और गरीब लोगो का रोजगार बनाया था। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल की मांग पर उन्होंने शेड निर्माण की घोषणा की साथ ही स्थानीय पत्रकार का एवं अतिथियों का शाकंभरीमाता के फोटो शाल श्रीफल से सम्मानकिया। इस अवसर पर सुनील पटेल आत्माराम पटेल, ईश्वर पटेल, डॉ. मधुसूदन पटेल, गया प्रसाद पटेल, खेलुराम पटेल, कुबेर पटेल, देवलाल पटेल, विनोद पटेल, अशोक पटेल, आनन्द पटेल, कामता पटेल, सगुन पटेल, गौकरण पटेल, हुलेश्वर पटेल, तीरथ पटेल, शंकर पटेल, योगेश पटेल, रामबदन पटेल, राजेन्द पटेल, सच्चिदानंद सूर्यवंशी, नरसिंह, गैंदलाल, धनेश्वर, गौतम, नागेश्वर, लोकेश, डोरीलाल, श्रवण, विनय, मनीष, मनोज, महेन्द्र, निलेश, रूपेश, नन्दू, दौलत, गणेश, माधव पटेल, महिला प्रकोष्ठ एवं पाटन राज के ग्राम प्रमुख व सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार धनेश्वर पटेल ने किया।

### भाजपा का जनसंपर्क अभियान पहुंचा गांव-गांव



**सेलूद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "गांव चलो, घर चलो अभियान" के अंतर्गत ग्राम फूंडा एवं देवादा में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने घर-घर पहुंचकर आमजन एवं हितग्राहियों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद तक उसका लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रानी बंछोर मंडल अध्यक्ष पाटन, लोकमनी चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, जय वर्मा, केशव बंछोर रोशन वर्मा सरपंच फूंडा, लक्ष्मी वर्मा संरपंच देवादा, कुणाल वर्मा अध्यक्ष भाजयुमो पाटन निलेश्वर वर्मा प्राधिकृत फूंडा सोसायटी, पोषण वर्मा बसंत वर्मा, हरि साहू, तिरीथ साहू, रामबाई, संजीव कुंभकरण, प्रेमलता, सरोज, बिन्नू वर्मा, अजय शंकर वर्मा, सोहन साहू, रवि अमरिका, देवनारायण, पंकज, टीकूम यादव,विक्रम यादव,भावेश यादव, जतिन यादव,बादल यादव,राहुल वर्मा, यश वर्मा, वाशु कौशिक और आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, हितग्राही एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेलूद मंडल कांग्रेस के बूथ बैठक में शामिल हुए भूपेश



**सेलूद।** पाटन विधानसभा अंतर्गत सेलूद मंडल में बूथ एवं ग्रामीण इकाई के पदाधिकारी संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत पाटन विधानसभा अंतर्गत सेलूद मंडल के ग्राम ढौर में बैठक रखी गई। जहां विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहुंचकर आगामी संगठन विस्तार की रूपरेखा विस्तार से बताई। उन्होंने प्रत्येक बूथ में जितने भी वार्ड है सभी वार्ड से 1 महिला 1 वरिष्ठ कांग्रेस व एक युवा कांग्रेस का जातिगत समीकरण समायोजन करते हुए बूथ इकाई व ग्रामीण इकाई में शामिल करने की बात कही। उन्होंने सभी बूथ व ग्रामीण इकाई में सोशल मीडिया में सक्रिय लोगों को जोड़कर कांग्रेस के रीति नीति को आम जनमानस तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर,जिला प्रभारी नवाज खान,पूर्व ओ एस डी आशीष वर्मा,जवाहर वर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष मोहन साहू,महेंद्र वर्मा,अश्वनी साहू ,ब्लॉक प्रभारी भुवन साहू,देवेंद्र चंद्रवंशी,अशोक साहू, जगोत्री साहू,खिलेश मारकंडे,जीतू पटेल,थानेश्वर यदु,गोपाल देवांगन,विपुल चंद्राकार,नेमचंद्र निर्मलकर ,प्रभात वर्मा,दीपेश बंजारे,मेघा ठाकुर,लोचन यादव,नीरज सोनी, शत्रुघ्न यादव,संजय यादव,अविनाश मिश्रा,देवनारायण ठाकुर,सोमेश चंद्राकर,धनेश्वर वर्मा,सरफराज अहमद योगेश चंदेल ,सुधीर ठाकुर,रौनक यादव,बंटी एवं ग्राम ढौर सहित सेलुद मंडल व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीआरजी शिक्षको तक पहुंचेगा नवाचार



**पाटन।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट दुर्ग में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) एवं नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डाइट दुर्ग के प्राचार्य पी. सी. मर्कले ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। शिक्षक यदि संवेदनशीलता, नवाचार और समर्पण के साथ कार्य करें, तो कक्षा का प्रत्येक कोना सीखने का उत्सव बन सकता है। एफएलएन प्रभारी डॉ. एच. के. साहू ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में डॉ. शिशिरकना भट्टाचार्य, संध्या शर्मा, आभा वर्मा तथा तृप्ति चंद्रवंशी ने नवीन पाठ्यपुस्तकों की संरचना व उद्देश्य प्रभावी शैली में प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण के दौरान हिंदी, गणित, पर्यावरण अध्ययन, अंग्रेजी, खेल आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित अधिगम तथा थीम आधारित शिक्षण पद्धति पर विस्तृत सत्र आयोजित किए गए। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में डीआरजी टीम के सदस्य विरेन्द्र कुमार साहू (प्रधानपाठक), पी. एल. सपहा, कामता प्रसाद धनकर, कामता प्रसाद साहू, तिलक राम साहू एवं नम्रता देवांगन ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिले के प्रत्येक विकासखंड से 12-12 बीआरजी सदस्यों ने सहभागिता कर इस प्रशिक्षण को सार्थक बनाया। अब यही प्रशिक्षित बीआरजी अपने-अपने विकासखंडों में शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम, एफएलएन एवं बालकेंद्रित शिक्षा की बारीकियों से अवगत कराएंगे।

## खबर संक्षेप



### स्मृति नगर चौकी को वैशाली नगर थाना में करें विलय

**भिलाई।** कोहका क्षेत्र को स्मृति नगर चौकी से स्थानांतरित कर वैशाली नगर थाना में विलय की मांग को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। कोहका क्षेत्र वर्तमान में स्मृति नगर पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है, जो इस क्षेत्र से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वहीं, वैशाली नगर थाना कोहका क्षेत्र से मात्र लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसी स्थिति में क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा आपातकालीन स्थिति में स्मृति नगर चौकी तक पहुंचने में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग की। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से निशु पांडे, कन्हैया सोनी, बृजमोहन उपाध्याय, बंटी नाहर, विनोद उपाध्याय आदि शामिल हैं।

### नाम बताने पर निगम की कार्यशैली पर उठे सवाल




**भिलाई।** नगर निगम ने शिकायत करने वाले नागरिक की पहचान सार्वजनिक कर दी, जिससे उसकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 5, सेक्टर-6 में सरकारी जमीन पर पक्के निर्माण की शिकायत मिलने के बाद निगम प्रशासन ने मौके पर नोटिस चस्पा किया। लेकिन इस नोटिस में शिकायतकर्ता का नाम भी स्पष्ट रूप से लिख दिया गया। लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है, ताकि उसे किसी प्रकार की धमकी या दबाव का सामना न करना पड़े। लेकिन इस मामले में नियमों को दरकिनार कर नाम सार्वजनिक कर दिया गया, जो गंभीर लापरवाही है। आरोप यह भी है कि सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण अक्सर प्रभावशाली लोगों द्वारा किया जाता है। ऐसे में शिकायतकर्ता की पहचान उजागर होने से उसकी सुरक्षा पर खतरा बढ़ जाता है और भविष्य में अन्य नागरिक भी शिकायत करने से डर सकते हैं। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण रोकना निगम प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन इस तरह की कार्रवाई से यह संदेश जा रहा है कि प्रशासन अपने कर्तव्यों से बचते हुए जिम्मेदारी नागरिकों पर डाल रहा है। इस पूरे मामले ने निगम की कार्यशैली और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है और शिकायतकर्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था करता है।

# मैत्रीबाग चिड़ियाघर में जानवरों व पक्षियों को लू से बचाने प्रयास तेज

## एनक्लोजरों को ठंडा रखने का जतन, हिरणों के लिए चल रहा है फौव्वारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही मैत्रीबाग जू में वन्य प्राणियों की सेहत को लेकर प्रबंधन एलर्ट हो गया है। संवेदनशील जानवरों और परिंदों की देखभाल और रहवास में इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। लू के थपेड़ों से बचाने के लिए ठंडकता के साथ खानपान का भी ध्यान रखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्तेभर से शहर में गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। पारा 40 डिग्री पहुंच गया है और हफ्तेभर में 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की भविष्यवाणी मौसम विभाग द्वारा की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक टेंपरेचर बढ़ने पर लू से जानवारों को भी सन या हीट स्ट्रोक जैसी शिकायतों का खतरा रहता है। इसे देखते हुए मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पक्षियों और जानवरों की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इनके पिंजरों यानी कैज और एनक्लोजर को कूल सिस्टम से दिनभर ठंडा रखा जा रहा है । मैत्रीबाग प्रभारी व महाप्रबंधक डा.एनके जैन ने बताया कि जू में जिन संवेदनशील वन्य प्राणियों को आगे तापमान बढ़ने से सेहत का खतरा है, उनके रहवासों को पूरी तरह ठंडा रखा जा रहा है। विशेषकर वाइट टाइगर के संवेदनशील होने के कारण गर्मी का असर अधिक होता है। मैत्रीबाग में पांच सफेद बाघ हैं। इनके एनक्लोजरों में शावर से पानी की बौछार करने के साथ नीचे रेत बिछाकर पानी भर दिया गया है। इनके अलावा हिरणों के एनक्लोजर में हाई स्पीड फौव्वारों से चारों ओर पानी छिड़का जा रहा है। कैज में कूलर भी रखे गए हैं। सांभरो के मोढ़ में भी पानी का प्रवाह और मड से वातावरण को ठंडा रखा जा रहा है। वहीं बड्र्स काम्पलेक्स को भी शीतल रखा जा रहा है। स्प्रिंकलर बढ़ा दिए गए हैं और दोपहर बाद तक इन्हें चालू रखा जा रहा है। कैज के बाहर लू से बचाने टाइफून चटाई से कवह किया गया है। जू मे पेलिकान, क्रोकोडायल आदि जलचर प्राणियों के मोढ़ में दो टाइम पानी बदला जा रहा है,ताकि पानी ठंडा रहे।



### संतुलित खानपान, कम की डाइट

गर्मी बढ़ने के साथ ही जानवरों को डीहाइड्रेशन की बीमारी का अंदेशा बना रहता है। बतौर एहितियात मैत्रीबाग में टाइगर, लायन और तेंदुआ आदि जानवरों को संतुलित आहार दिया जा रहा है। बीफ की खुराक को थोड़ा कम करने के साथ पाचन तंत्र को सुचारु बनाए रखने डाइजेशन की दवाई भी दी जाती है। भालुओं को खीरा, तरबूज आदि फले दिए जा रहे हैं। डां. जैन बताते हैं कि मैत्रीबाग आने वाले पर्यटकों से भी आग्रह किया गया है कि पक्षियों के कैज में फास्टफूड जैसे खाने की सामग्रियां ने फेकें। इससे उनकी सेहत पर असर पड़ सकता है।

## श्रमिक 12 घंटे काम करने मजबूर, बीस प्रतिशत छंटनी से भी आक्रोश


# बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को सरकार की घोषणा के बाद नहीं मिल रहा केंद्रीय न्यूनतम वेतन

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने कहा केंद्रीय वेतन लागू नहीं होने पर होगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में हजारों ठेका मजदूरों की उपेक्षा से आर्थिक बदहाली बढ़ रही है। श्रमिकों को अब तक केंद्रीय न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। कई लंबित मांगों को भी पूरा नहीं किए जाने से उनमें आक्रोश है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने इसे देखते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान लागू नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

यूनियन की कार्यकारिणी की सेक्टर 4 कार्यालय में हुई बैठक में बीएसपी के ठेका श्रमिकों के वेतन और अन्य लंबित सुविधाओं पर चर्चा की गई। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद अभी तक भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों को राज्य निर्धारित केंद्रीय न्यूनतम वेतन दिए जाने से श्रमिकों में काफी आक्रोश है । इंटक के महासचिव संजय साहू ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगर अप्रैल के अंत तक बीएसपी प्रबंधन संयंत्र के ठेका श्रमिकों के लिए केंद्रीय न्यूनतम वेतन लागू नहीं करता है तो आने वाले समय में स्टील ठेका श्रमिक यूनियन बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। बैठक में श्रमिकों को लीव कार्ड और ऑनलाइन छुट्टी भरने की सुविधा, ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम में छुट्टी का ऑप्शन देने जैसी मांगे रखी गईं।



### ठेका श्रमिकों की छंटनी हो बंद

बीएसपी प्रबंधन द्वारा लगातार होने वाले नए ठेके में 20% ठेका श्रमिकों की संख्या कम की जा रही है जिससे ठेका श्रमिकों को रोजगार का संकट हो रहा है। इससे श्रमिकों का रोजगार के डर से मनोबल कम हो रहा है। इसका प्रभाव संयंत्र के कार्य पर पड़ रहा है। इसके साथ ही ठेका पद्धति में मेन पावर हटाकर श्रमिकों को 12 घंटा सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक कार्य लिया जाना बंद हो।

### एफएसएनएल को मिले पूर्ण एडब्ल्यूए राशि

एफएसएनएल को नोकोई ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड में मे श्रमिकों को अब तक पूर्ण एडब्ल्यूए की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बीएसपी के तहत स्क्रैप का कार्य करने वाली ठेका कंपनी एफएसएनएल कोनोकोई ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्यरत 500 ठेका श्रमिकों को पूर्ण 3700 एडब्ल्यूए नहीं दिया जा रहा है। जबकि यह ठेका कंपनी बीएसपी के अंतर्गत ठेका कार्य कर रही है एवं ठेका श्रमिकों के बैठने के लिए भी सही तरीके से रेस्ट रूम नहीं है जिसकी शिकायत ठेका श्रमिकों ने यूनियन ऑफिस आकर किया गया। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, मनोहर लाल, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जयराम ध्रुव, संतोष ठाकुर, रिखीराम साहू, किशोर कुमार, प्रधान डी, शंकर, बलराम वर्मा, ओम प्रकाश, संजीव मानिकपुरी, महेंद्र कुमार, दामन लाल, कान्हाराम, कुलेश्वर, मनहरण, नरेंद्र कुमार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# भिलाई निगम क्षेत्र के 25 तालाबों को सूखने से बचाने भरा जा रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 25 तालाबों के जलस्तर को बनाए रखने के लिए विशेष पहल की जा रही है। निगम द्वारा नियमित रूप से सफाई कर्मियों के माध्यम से तालाबों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जल स्रोत स्वच्छ एवं उपयोगी बने रहें।

- सफाई कर्मियों से करवाई जा रही है सफाई

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्तों को निर्देशित किये हैं, कि तालाबों की नियमित सफाई कराई जावे। जिससे तालाबों के साथ क्षेत्र के गिरते जल स्तर को बचाया जा सके। वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते कई तालाबों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है, वहीं कुछ तालाबों में पानी लगभग सूखने की स्थिति में पहुंच गया है। इस समस्या के समाधान हेतु जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों के माध्यम से पानी छोड़ा गया है। यह पानी छोटे-बड़े नहरों से होते हुए तालाबों तक पहुंच रहा है, जिससे तालाबों का जल स्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी । निगम प्रशासन का यह प्रयास न केवल जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरण संतुलन और शहर की सुंदरता बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

### एसएमएस तीन ने रचा कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला-3 ने एक ही दिन में सर्वाधिक उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मात्र दो कन्वर्टरों के संचालन के साथ 60 हीट्स का उत्पादन किया है। इसके साथ ही कन्वर्टर बी' ने भी व्यक्तिगत स्तर पर नया रिकॉर्ड स्थापित करते हुए एक दिन में 31 हीट्स पूर्ण किए, जो पूर्व में 1 अगस्त 2022 को स्थापित 30 हीट्स के रिकॉर्ड से अधिक है। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस अवधि के दौरान कन्वर्टर क्रमांक-3 एवं सीके-1 कास्टर कैपिटल रिपेयर में थे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में 150 अप्रेंटिस कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण इंडक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) के अंतर्गत 150 नए अप्रेंटिस का इंडक्शन किया गया।

इन अप्रेंटिस को कोपा, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर एवं रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग (आरएसी) जैसे विभिन्न ट्रेड्स में संरचित ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुभवी मार्गदर्शकों एवं विशेषज्ञों के निर्देशन में संचालित होगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक औद्योगिक अनुभव प्राप्त होगा तथा शैक्षणिक ज्ञान एवं वास्तविक कार्यस्थल की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को प्रभावी रूप से कम किया जा सकेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम मे व्यवहारिक अनुभव के साथ-साथ संरचित शिक्षण मॉड्यूल का समावेश होगा, जिससे अप्रेंटिस तकनीकी दक्षता के साथ औद्योगिक प्रक्रियाओं की समग्र समझ विकसित कर सकें। इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को आधुनिक उपकरणों, सुरक्षा मानकों एवं संयंत्र की वास्तविक कार्यप्रणालियों से भी परिचित कराया जाएगा, जिससे वे भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए पूर्णतः तैयार हो सकें।

## माइन सेफ्टी सेलिब्रेशन में सेल की नौ माइन्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

माइन सेफ्टी फोर्टनाइट सेलिब्रेशन में सेल की नौ की खदानों उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिले है। दल्ली राजहरा खदान को ओवरआल पुरस्कार मिला है। अंबुजा सीमेंट प्लांट, रावन में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता उप महानिदेशक खान सुरक्षा (डीजीएमएस), पश्चिम क्षेत्र, नागपुर के रमावतार मीणा द्वारा की गई। एएमएसएफसी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्थित सेल की नौ खदानों ने विभिन्न सुरक्षा प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

- दल्ली को मिला ओवरहाल पुरस्कार
- सेल की खदानों को मिला नौ पुरस्कार

प्रतियोगिता में राजहरा मेकनाइज्ड माइन्स एवं दल्ली मेकनाइज्ड माइन्स ने 5–5 पुरस्कारों के साथ 2–2 फर्स्ट एड प्रतियोगिता पुरस्कार अर्जित किए।

इसके अलावा झरनदल्ली मेकनाइज्ड माइन्स ने 3 पुरस्कार, महामाया माइन्स ने 4 पुरस्कार तथा डुलकी माइन्स ने 3 और कलवर आयरन ओर माइन्स, रावघाट आयरन ओर माइन्स, नंदिनी माइन्स एवं हिर्री डोलोमाइट माइन्स ने भी 1-1 पुरस्कार हासिल किए। प्रदर्शन किया। राजहरा मेकनाइज्ड माइन्स को ओवरऑल प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं महामाया माइन्स को ओवरऑल द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# सुरक्षा मानकों को पेशेवर जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विद्युत सुरक्षा विषय पर अर्धदिवसीय लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केन्द्र में किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग) डी सतपथी थे। संयंत्र के विभिन्न विभागों से 56 विद्युत कार्यपालकों ने विद्युत सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की। श्री सतपथी ने कहा कि कहा कि सभी विद्युत कार्यपालकों से आह्वान किया कि सुरक्षा मानकों को केवल औपचारिक प्रक्रिया न मानते हुए इसे अपनी पेशेवर जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं। यह मानव जीवन एवं उत्पादन दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। तकनीकी सत्र महाप्रबंधक पी सतपथी ने संचालित किया। सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू न औद्योगिक वातावरण में विद्युत सुरक्षा पर प्रकाश डाला गया।

- बीएसपी में विद्युत सुरक्षा मानकों पर संवाद

### दुर्घटनाओं की रोकथाम पर जागरुकता

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विद्युत सुरक्षा मानकों के उद्देश्य दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित कार्य सुनिश्चित करने से अवगत कराया गया। अर्थिंग एवं ग्राउंडिंग की भूमिका को विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के प्रमुख साधन व संयंत्र में सामान्यतः उत्पन्न होने वाले विद्युत जोखिमों, जैसे त्रुटिपूर्ण वायरिंग, खुले विद्युत अवयव एवं ओवर-करंट स्थितियों की पहचान एवं उनके संभावित खतरों पर भी जागरूक किया गया।

## कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की

# नियमित कर्मचारियों को समयानुसार वेतन न मिलने के विरोध में निगम का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई के नियमित कर्मचारियों को समयानुसार वेतन न मिलने के विरोध में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा के नेतृत्व में बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलना अत्यंत गंभीर विषय है तथा यह उनके अधिकारों का सीधा हनन है। नगर पालिक निगम भिलाई के नियमित कर्मचारियों का मार्च (पेड अप्रैल) का वेतन आज दिनांक तक लंबित है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। कर्मचारी अपने परिश्रम का उचित प्रतिफल पाने के हकदार हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलना उनके साथ अन्याय है। नेता प्रतिपक्ष श्री भोजराज सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि कर्मचारियों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।







इस दौरान प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, प्रवीण पाण्डेय, सौरभ जायसवाल, कन्हैया लाल सोनी, नितेश मिश्रा, दीपक भोडेकर, पार्षद लक्ष्मी साहू, सत्या देवी जायसवाल, लक्ष्मी दिवाकर भारती, नोहर वर्मा, प्रियंका भोला साहू, गिरजा बंछोर, छोटेलाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



लाइव इवेंट

## छात्राओं को स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों की दी जानकारी, हुई चर्चा



**भिलाई।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन दिवस समारोह के हिस्से के तौर पर पी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुआबांधा में किशोरियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 14 से 18 साल की लड़कियों को स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में शिक्षित करने के लिए किया गया था।

पी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग की वक्ताओं डॉ. जया चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग और चंद्रकला लिलहारे सहायक प्राध्यापक ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने मासिक धर्म स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और प्रजनन सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की। इन संवादात्मक सत्रों के माध्यम से लड़कियों को आवश्यक ज्ञान देकर सशक्त बनाया गया। डॉ. रोज़ा प्रिंसी प्राचार्य, पी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रेरित किया और किशोरियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग की फैकल्टी सदस्यों रिंसी मैरी सहायक प्राध्यापक, नेहा आर इमैनुएल सहायक प्राध्यापक, रोमा कन्नौजे व्याख्याता, कंचन चौहान व्याख्याता और अर्पणा बी. मोहतेवार क्लिनिकल इंस्ट्रक्टर ने भी इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस पहल की सराहना विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति गुप्ता, विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रशासन द्वारा की गई, जिससे इस तरह के कार्यक्रमों की आवश्यकता और महत्व उजागर हुआ।



लाइव इवेंट

## सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स ने आशा भोसले के गीतों से दी स्वरांजलि



**भिलाई।** सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स द्वारा अपनी दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक भव्य सांगीतिक संध्या का आयोजन आर के म्यूजिक स्टूडियो सेक्टर-7 भिलाई में किया गया। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई अंचल के कलाकारों ने सुप्रसिद्ध गायिका स्व. आशा भोसले के अमर एवं सुपरहिट गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और स्व. आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद अंचल के संगीतकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। सभी गायकों की उत्कृष्ट प्रतिभा, समर्पण और सामूहिक सहयोग ने कार्यक्रम की गरिमा को कई गुना बढ़ा दिया और उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिप्रा मंडल, मधुरिमा रे, मधुस्मिता दीक्षित, वीना दीक्षित, मंजीता भारद्वाज, ज्ञानू मैत्रेय, प्रभा गुप्ता, सुनील परदेशी, शांताराम वानखेड़े, गिरीश चतुर्वेदी, प्रकाश चन्द्र बेहरा एवं जितेंद्र टांडी ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां देकर पूरे वातावरण को संगीतमय और भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम का संचालन उद्घोषिका ज्योति धारकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का फेसबुक लाईव प्रसारण भी किया गया। अंत में आयोजक महेश कुमार विनोदिया ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश धारकर, सच्चिदानंद दीक्षित, जयंत भोंसले, हरिशंकर केन, जानकी प्रसाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में कला मंदिर में आयोजन, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा रहीं उपस्थित

# 33% आरक्षण हर क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाएगा, कानून केवल एक विधेयक नहीं है, बल्कि अधिकार और समानता का प्रतीक




**भिलाई।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भिलाई के कला मंदिर सभागार में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहीं।

सम्मेलन में उपस्थित मातृशक्ति ने इस ऐतिहासिक अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कानून केवल एक विधेयक नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और समानता का प्रतीक है। इसके माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

### किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री सम्मानित सबा अंजुम, मिनीमाता सम्मान से सम्मानित लालेश्वरी साहू, बहादुर कलारिन सम्मान से सम्मानित चित्रलेखा सिन्हा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कविता साहू एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी दुबे का सम्मान किया गया।



### भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक युगांतरकारी कदम

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक युगांतरकारी कदम है। लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का यह प्रावधान न केवल उनके प्रतिनिधित्व को बढ़ाएगा, बल्कि नीति निर्माण को अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि इसका प्रभावी क्रियान्वयन महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निर्माता बनाएगा, जो विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला बनेगा। उन्होंने यह भी कहा की यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को गति देने वाला एक निर्णायक कदम है। जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ेंगी, तो विकास की प्रक्रिया अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनेगी।

### शासन की प्राथमिकताओं में आएगा सकारात्मक बदलाव

छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा मोना सेन ने कहा कि इस अधिनियम से शासन की प्राथमिकताओं में सकारात्मक बदलाव आएगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षा जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलेगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक माना गया है, और यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में उनका उचित अधिकार दिलाने का सशक्त माध्यम है। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से शासन अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील बनेगा।

कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री ममता राव ने किया और आभार प्रदर्शन प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल द्वारा किया गया

### कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, माया बेलचंदन, पदमा देवांगन, निहारिका मिश्रा, दिव्या भसीन, प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, स्वीटी कौशिक, मीना वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष कुमारी कीर्ति नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष पाटन कुलेश्वरी देवांगन, जनपद पंचायत अध्यक्ष दुर्ग सरस्वती साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष उतई, नगर पंचायत अध्यक्ष धमधा श्वेता अग्रवाल, सुषमा जेठानी, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कल्पना साहू, श्रद्धा साहू, डॉ. मानसी गुलाटी, उमा भारती साहू, अनीता तिवारी, राखी विश्वास, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, सरिता मिश्रा, हर्षा चंद्राकर सहित संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ता और काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



## स्किल इंडिया रिपोर्ट का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2026 का विमोचन किया। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी के नेतृत्व में तैयार इस रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कौशल विकास, रोजगार के अवसर, उद्योग की आवश्यकताओं और स्किल गैप का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ के लिए विशेष अध्याय शामिल करते हुए नीति सुधार, उद्योग-अकादमिक सहयोग और युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के ठोस सुझाव दिए गए हैं।

यह दस्तावेज सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करेगा। इससे रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। यह रिपोर्ट हर साल तैयार की जाएगी। इसे तैयार करने में नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञ और शासकीय संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। इस अवसर पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात



कर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी भी दी। प्रतिनिधिमंडल में कुलाधिपति संतोष रूंगटा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. सौरभ रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरी शेट्टी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान रूंगटा यूनिवर्सिटी की छात्रा कृति प्रिया की उपलब्धि भी साझा की गई। कृति प्रिया को हाल ही में दिल्ली में आयोजित गूगल एआई समिट में देशभर से चुने गए पांच गूगल एंबेसडर्स में स्थान मिला। इस दौरान गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने उनसे मुलाकात कर मार्गदर्शन दिया, जिसकी तस्वीर गूगल इंडिया ने भी साझा की। झारखंड के बचरा की रहने वाली कृति ने अपनी सफलता से छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इसके अलावा, राज्य में डिजिटल स्किलिंग को बढ़ावा देने के लिए गूगल के साथ साझेदारी का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव में एआई, क्लाउड और डेटा जैसी उभरती तकनीकों में युवाओं को प्रशिक्षित करने और छत्तीसगढ़ को स्किल और टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने की रूपरेखा शामिल है। मुख्यमंत्री साय ने इन सभी प्रयासों को सराहा और इसे प्रदेश के युवाओं के लिए मील का पत्थर बताया।

## भीषण गर्मी में आंध्र महिला मंडली ने राहगीरों को बांटा बटर मिल्क

**भिलाई।** इन दिनों शहर में भीषण गर्मी पड़ रही है, ऐसे में राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से आंध्र महिला मंडली ने 54वें स्थापना दिवस पर बुधवार को एक हजार बटर मिल्क देकर मानवता की सेवा की है। सेक्टर 6 और सेक्टर 5 के चौक पर भरी दुपहरी में महिला मंडली ने स्टाल लगाकर प्यासे लोगों को शीतल बटर मिल्क पिलाया। आंध्र महिला मंडली पिछले कई वर्षों से मानवता की सेवा में लगी हुई है। सेवा देने वाली महिलाओं में पूर्व अध्यक्ष इंदिरा, उपाध्यक्ष पावनी मोहन, सचिव अनंत लक्ष्मी, कोषाध्यक्ष वरलक्ष्मी, संयुक्त सचिव नागकुमारी व तृप्ति लक्ष्मी तथा कार्यकारिणी सदस्य विजय निर्मला शामिल हैं।



राष्ट्रीय अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह अभियान का हुआ समापन

# आपातकालीन स्थिति से निपटने विद्यार्थियों ने सीखे सुरक्षा के गुर, बताया अग्निशामक यंत्रों का उपयोग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** राष्ट्रीय अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नंदिनी स्कूल में किया गया। जहां अग्निशमन सुरक्षा के कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति और विभिन्न प्रकार से लगने वाली आग से निपटने के लिए सुरक्षा के गुर सिखाएं और बताए। अग्निशामक यंत्रों के उपयोग की भी जानकारी दी गई।

स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जे.के. लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड दुर्ग द्वारा यह अभियान 7 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं में चलाया गया था। इस अवसर पर एस. के. लेंकासर डिप्टीहेड, सेफ्टी, फायर ऑफिसर पंकज चौहान, फायर एवं टीम ज्योति प्रकाश प्रसाद, सीएसआर फील्ड ऑफिसर नवीन कलेत और उमेश कुमार धनक सहित कंपनी के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### ए, बी और सी टाइप सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें विभिन्न प्रकार की आग जैसे ए टाइप ठोस पदार्थों में लगने वाली आग, बी टाइप ज्वलन शीलतरल पदार्थों





की आग, सी टाइप विद्युत उपकरणों से लगने वाली आग आदि के बारे में समझाया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार की आग को बुझाने के अलग-अलग तरीकों और उपयुक्त अग्निशामक यंत्रों के उपयोग की जानकारी भी दी गई।

### जवाहर मार्केट में मॉकड्रिल, आपात स्थितियों से निपटने की दी जानकारी



अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन और आपातकालीन सेवा दुर्ग द्वारा पावर हाउस स्थित जवाहर मार्केट में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों एवं आम नागरिकों को आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने के प्रति जागरूक करना तथा आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान करना था। मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन दल ने आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने तथा प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों एवं नागरिकों ने अभ्यास को गंभीरता से देखा और सुरक्षा उपायों के महत्व को समझा। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग से जिला सेनानी नागेन्द्र सिंह, स्टेशन प्रभारी संतोष पाण्डेय, सह फायर प्रभारी प्रवीण बारा उपस्थित थे। साथ ही एसडीआरएफ टीम से धनी राम यादव और ईश्वर खरे तथा उनकी टीम ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

## सिटी इवेंट

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने लिया सामूहिक संकल्प



**भिलाई।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बीजेवायएम भिलाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

- बीजेवायएम भिलाई ने मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

कैंप मंडल के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30, प्रगति नगर राम जानकी मंदिर, सुभाष चौक में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। युवा मोर्चा के सदस्यों ने इस अवसर पर बाबा साहेब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को आत्मसात करने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति की गाथा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा का पुंज है। उनके द्वारा रचित संविधान ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया है। समानता और सामाजिक समरसता के जिस मार्ग को उन्होंने दिखाया, उस पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में आदित्य पिपरे, आकाश ठाकुर, अमित मिश्रा, सौरभ जायसवाल, शिरीष अग्रवाल, निहारिका मिश्रा, त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, विनय सेन सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

# समानता, सामाजिक न्याय दिलाने अंबेडकर को किया याद



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल भिलाई में बीएड छात्र-छात्राध्यापकों द्वारा अंबेडकर जयंती मनाई गई। बी एड छात्र-छात्राध्यापकों द्वारा उनके समानता, सामाजिक न्याय और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया। बी एड चतुर्थ सेमेस्टर से मनदीप, अनुराधा, रुपशिखा, सरिता शर्मा, वर्षा रानी और बी एड द्वितीय सेमेस्टर से निधि, भारती, कीर्ति, खिलेन्द्र, राजविन्दर, रज्जी कौर ने अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने और शैक्षिक उपल्बधि को बढ़ाते रहे की बात कही। डॉ. हेमंत जैन सहायक प्राध्यापक ने कहा कि बाबा साहब अम्बेड़कर संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंनें संघर्ष करके अनेक विषयों का ज्ञान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में समस्त शिक्षक और छात्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुशल ताम्रकार ने किया।

- समानता, सामाजिक न्याय और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया

## समाज इवेंट

# गंजाम अग्निकुल क्षत्रिय समाज की बैठक में नए सदस्य बनाने दिया जोर



**भिलाई।** गंजाम अग्निकुल क्षत्रिय समाज की मासिक बैठक सेक्टर 1 पार्क में संपन्न हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष टी सहदेव और महासचिव बी तुलसी राव का शॉल, श्रीफल और फूलमालाओं से सम्मान किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रुपए सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया। बैठक में तीस सदस्यों की उपस्थिति रही, जिनमें से 26 सदस्यों ने कोषाध्यक्ष बी लोकराजू के पास तत्काल तयशुदा सदस्यता शुल्क जमा कर दिया। बैठक में संरक्षक आर राममूर्ति, मीडिया प्रभारी एवं संचार प्रमुख आर मोहनराव, आर सुंदरराव, सलाहकार जी लक्ष्मणराव, एस केशवराव, टी सुब्बाराव, सचिव पी नागेश्वर राव तथा उपसचिव एस विजय की मौजूदगी रही। इनके अलावा टी उमापति, ई नोइदास, बी शेखरराव, आर लोकनाथ, आर श्रीनिवास राव, पी जगन्नाथ, पी बालराजू, बी शंकर राव, टी लोकेश कुमार, डी कृष्णमूर्ति, चलपति राव, टी सनमुख राव, पी शेखर राव, वाई केशवराव, बी भास्कर राव, एमएस राव, पी वेंकट राव, डी मोहन राव और पी गणपति ने बैठक में उपस्थित रहे।

- समाज के महासचिव बी तुलसी राव का सम्मान
- अग्निकुल क्षत्रिय समाज की मासिक बैठक

---

● मलयाली समाज ने विशु और बंगाली समाज द्वारा नववर्ष धूमधाम से मनाया

# विशु पर राजा बली के स्वागत में परंपरा और उत्साह से मनाया नववर्ष, की सुख समृद्धि की कामना

**भिलाई।** मलयाली समाज का प्रमुख नववर्ष पर्व विशु ट्विनसिटी में पूरे पारंपरिक उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेक्टर 4 एसएनजी मंदिर, सेक्टर 2 अय्यपा मंदिर सहित सभी मलायाली समुदायों के घरों में हर्षोल्लास का वातावरण दिखाई दिया। मान्यता है कि इस दिन राजा बली पृथ्वी पर आकर अपनी प्रजा का हाल-चाल जानने आते हैं, इसलिए घर-घर में विशेष सजावट, पूजा और पारंपरिक आयोजनों के जरिए उनका स्वागत किया गया। भिलाई-दुर्ग में बसे मलयाली समाज ने विशु पर्व को पूरी श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया। सुबह की शुरुआत 'विषुक्कणी' के दर्शन से हुई, जिसमें भगवान कृष्ण की प्रतिमा के सामने चावल, फल, सब्जियां, दर्पण और दीपक को आकर्षक ढंग से कर रखा गया। मान्यता है कि इस शुभ दृश्य को देखने से पूरे वर्ष सुख-समृद्धि बनी रहती है।





### विशु पर गूंजी स्वर लहरियां, मनाया नववर्ष

सेक्टर-4 स्थित एसएनजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और दर्शन का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। लोग कोडि वस्त्रम नए कपड़े भी इस दिन पहने दिखाई दिए। मंदिर में शाम को नृत्य, संगीत के साथ-साथ पटाखे फोड़े गए। यह मलयालम महीने 'मेदम' की पहली तिथि को मनाया जाता है। केरल में विशु उत्सव के दिन धान की बुआई का काम शुरू होता है।



### केरलवासियों के नए साल की शुरुआत का दिन

विशु पर्व के साथ जुड़ी लोककथा की जानकारी देते हुए रागिनी मणि ने बताया कि राजा बली इस दिन धरती पर आते हैं और अपनी प्रजा की स्थिति का अवलोकन करते हैं। उन्होंने बताया कि यह केरलवासियों के लिए नववर्ष का दिन होता है। विशु की सुबह होते ही सोते बच्चों के कान में कणी-कणी ऐसे गुंजाया जाता है कि बच्चा नींद को छोड़कर उठकर खड़ा हो जाए। मलयालम भाषा में कणी शब्द का अर्थ है फल। इस अवसर पर घर-घर में पारंपरिक भोजन सद्या तैयार किया गया, जिसमें केले के पत्ते पर विभिन्न प्रकार के शाकाहारी व्यंजन परोसे गए। परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर इस विशेष भोजन का आनंद लेते हैं, जो न सिर्फ स्वाद बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।

### अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ने का अवसर

मलयाली समाज डॉ बीना सजीव ने बताया कि विशु का पर्व उनके लिए सिर्फ नववर्ष नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ने का अवसर है। हम चाहे कहीं भी रहें, विशु हमें अपनी परंपराओं से जोड़े रखता है। इस दिन मलायम कैलेंडर के हिसाब से नया साल शुरू होता है और अच्छी फसल को देखकर गांव के किसान परिवारों में भी खुशियां और उल्लास का माहौल रहता है। इसके साथ ही विशुक्कैनेट्टम की परंपरा भी निभाई गई, जिसमें बड़ों ने बच्चों और युवाओं को उपहार और धन देकर आशीर्वाद दिया। बच्चों में इस पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला।

### सुबह कानों में सुनाया कणि-कणि

रागिनी मणी ने बताया कि वीशु का शाब्दिक अर्थ है, प्रथम दर्शन। कनिकल रीति के अनुसार ऐसी वस्तुएं जो शुभ का प्रतीक मानी जाती है जैसे पुस्तक, सोने-चांदी के आभूषण, स्वच्छ सफेद वस्त्र, चावल या नई फसल का धान, फूल पीले फूल, पत्ते, आधा कटा सीताफल, नारियल तथा पीला खीरा, रूपए-पैसे दर्पण आदि चीजे जो सुख समृद्धि व धन वैभव का सूचक है ये सभी वस्तुएं एक बड़े से पात्र में भगवान श्री कृष्ण के मूर्ति या चित्र के सामने रखकर एवं दिया जलाकर एक रात पहले घर की गृहलक्ष्मी द्वारा तैयारी कर ली जाती है। गृहणियां सद्या पारंपरिक भोज तैयार करती है। जिसे दोपहर के समय सभी परिवार सहित ग्रहण करते है।

---

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

# अहंकार का त्याग कर, मन को शुद्ध रखने से परमात्मा शिव की शरण मिल जाता है




**सेलुद।** शिव शक्ति प्रज्ञा महिला मंडली सेलुद के तत्वाधान में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन बाजार चौक सेलूद में किया गया ।कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा व देवी देवताओं के पुजा अर्चना के साथ हुआ ।पांचों दिवस सुबह 9 से 12 हव यज्ञ का कार्यक्रम हुआ वही दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक शिव महापुराण कथा हुई ।जिसमे भगवान भोलेनाथ की कथा सुनाते हुए आचार्य महादेव ने कहा कि शिव ही परम तत्व हैं। शिव देवों के देव हैं, पर वे असुरों, पशुओं (पशुपति) और भूतों को भी अपनाते हैं, जो सर्वसमावेशी होने का प्रतीक है। अहंकार का त्याग कर, मन को शुद्ध रखते हुए परमात्मा शिव की शरण में जाना ही परम शांति और मुक्ति का मार्ग है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सीता बंछोर, ललिता वर्मा, केंवरा साहु, सत्यभामा बंछोर, सूरज बंछोर, अन्नपूर्णा बंछोर, खेमिन साहु, भागवत वर्मा, घनश्याम पटेल, रमेश देवांगन, खेमलाल साहू, अशोक सिंह कौशल कुमार आडिल सुरेंद्र बन्छोर, कौशल बनपेला, अमरचंद साहू, सीताराम यादव, अशोक देवांगन, नरसिंग ठाकुर, लक्ष्मण वर्मा, एल बी सिंह, नरोत्तम साहू, कृष्णा साहू, अनिता देवांगन, आशा वर्मा, अनुसुइया बन्छोर, शैल साहू, भोज साहू, सुनीता ठाकुर, ललिता बनपेला, योगेश्वरी साहू, सुभद्रा साहू, गोदावरी साहू, भुनेश्वरी साहू, हिमांशी, निथिल, तारिणी, हनी और डॉली उपस्थित रहे 1

- भोजन भंडारे के साथ पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन

## प्याऊ घर का संचालन

# राहगीरों को ठंडे पानी के साथ मिलेगा चना और गुड़, मिलेगी राहत



**भिलाई।** रुद्र सेवा समिति द्वारा संचालित रूद्र सेना द्वारा संविधान निर्माता स्व भीमराव अंबेडकर जयंती और बैसाखी अवसर पर प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। कई वर्षों से लगातार रुद्र सेवा और ब्रह्म भट्ट ब्राह्मण समाज द्वारा संयुक्त रूप से प्याऊ का संचालन किया जा रहा है, जिसमें राहगीरों को ठंडे पानी के साथ चना गुड़ की व्यवस्था कराई जाती है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यापार प्रकोष्ठ अरुण बेरी ने बताया गया कि व्यवस्था कई वर्षों से लगातार लोगों के लिए की जा रही है और आने वाले समय में राहगीरों के साथ-साथ बेजुबान पशुओं के लिए भी इसकी प्रयास किए जाएंगे। उद्घाटन अवसर पर संगठन के प्रदेश महासचिव सच्चिदानंद दुबे,जीपी तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय शर्मा, ज्ञानेंद्र पांडे, प्रशांत क्षीरसागर, पिंकी सिंह, प्रमोद सोनी, बच्चा यादव, रजनीकांत पांडे, प्रमोद सोनी, हरिशंकर चतुर्वेदी, शिव श्रीवास्तव, लालमन यादव, शरद दुबे, शिवनाथ शुक्ला, अमरेंद्र नाथ, मनोज शर्मा, प्रसाद राव, रूपेंद्र साहू, राजेंद्र शर्मा, शरण भजनी, हेमंत बघेल, शशि भूषण मोहंती, अजय कल्याणी सहित काफी संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे।

---

## पूजा अर्चना के साथ, पणा वितरण कार्यक्रम संपन्न

# परंपरा का मान, सद्भाव के साथ मनाया उत्कल समाज ने पणा संक्रांति महोत्सव, किया प्रसाद और शरबत वितरण

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। उत्कल समाज ने श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-4 के तत्वावधान में गुंडिचा मंडप, सेक्टर-10 में पणा संक्रांति महोत्सव के साथ उड़ीया नव वर्ष का आगाज किया। आयोजित पणा संक्रांति महोत्सव में ओड़िया नववर्ष का जश्न बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाया गया। यह कार्यक्रम परंपरा, सांस्कृतिक सद्भाव और सामुदायिक भावना का एक अद्भुत मिश्रण साबित हुआ। लगभग 5 हजार लोगो को शरबत का वितरण किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी मेंटेनेंस एंड यूटिलिटी विजय कुमार बेहेरा, विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा व अग्निशमन सेवाएं देवदत्त सतपथी उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में कलिंग ज्योति के अध्यक्ष एवं बीएसपी के महाप्रबंधक अक्षय नायक, पूर्व एडिशनल सीएमओ डॉक्टर त्रिनाथ दास, जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपथी तथा महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे ।



### पणा संक्रांति व नववर्ष की दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीएसपी के सीजीएम इंचार्ज एम एंड यू विजय कुमार बेहेरा सहित विशिष्ट अतिथियों ने महाप्रभु जगन्नाथ के समक्ष पूजा अर्चना कर महाप्रभु को पणा का भोग लगाया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा पणा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विजय कुमार बेहेरा ने अपने उद्बोधन में भिलाई के सामाजिक समरसता की सराहना की। उत्कलवासियों को पणा संक्रांति एवं नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की।



### फल वितरण भी किया गया

समिति के सांस्कृतिक सचिव त्रिनाथ साहू के समन्वय में उत्कल समाज के स्त्री-पुरुषों और युवाओं ने सेंट्रल एवेन्यू में राहगीरों को लजीज पणा विशेष प्रकार का शरबत का वितरण प्रारंभ किया। देर शाम तक चले इस पणा वितरण कार्यक्रम के तहत लगभग 5000 लोगों ने पणा का रसास्वादन किया। इसके साथ ही फल वितरण भी किया गया। उत्कल समाज का पणा संक्रांति महोत्सव ओडिया संस्कृति का एक सुंदर प्रतिबिंब है, जो भिलाई के उत्कल समाज की सक्रियता को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक सहित त्रिनाथ साहू, भीम स्वाईं, बसंत प्रधान, सुशांत सतपति, डी त्रिनाथ, कबि बिस्वाल, अनाम नाहक, रवि स्वाईं, वृंदावन स्वाईं, बी सी बिस्वाल, रंजन महापात्र, निरंजन महाराणा, प्रकाश दास, वी के होता, सीमांचल बेहेरा, कैलाश पात्रो, प्रमोद साहू, सुधाकर महापात्र, अशोक नायक, अजय रावल, एस दलाई, परितोष पाणिग्रही, सुजाता साहू, स्वाति रावल, नूपुर पाणिग्रही, सागरिका प्रधान, मधुस्मिता दीक्षित एवं मामा रथ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर उत्कल समाज के अनेक वरिष्ठ उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-23 क्रिकेट में विकल्प ने बनाए नॉट आउट 108 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-23 सिलेक्शन मैच के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न शहरों में प्रमुख टीमों के बीच मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन के मैच में बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ जोन टीम पहली पारी में अपने 14 अप्रैल के स्कोर 9 विकेट पर 227 रन से आगे खेलते हुए 259 रन बनाकर आउट हो गई। कप्तान विकल्प तिवारी ने नॉट आउट 108 रन बनाए।

गेंदबाजी में ईस्ट जोन के सौम्य केसरी एवं आशीष कोरी ने तीन-तीन विकेट लिए। आलोक कुमार ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन टीम दूसरी पारी में 210 रन पर आउट हो गई। रुद्राक्ष सिंह ने 67 रन और पुरुषोत्तम चौहान ने 44 रन बनाएं। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन के आदित्य अग्रवाल ने चार विकेट और आर्यन जायसवाल एवं अखिलेश शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी नॉर्थ जोन दूसरी पारी एक विकेट पर चार रन बनाए।

आरडीसीए रायपुर मे टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन का मैच हुए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम दूसरी पारी तीन विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 246 रन बनाकर आउट हो गई। यश वर्दा ने 79 रन और राहुल प्रधान ने 41 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन सूर्यकांत तिवारी ने तीन विकेट दर्शित, दिवाकर ताम्रकार एवं चिन्मय विश्वकर्मा ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 81 रन बनाए। शेख जुनैद ने 20 रन और तेजस मोरे ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन के प्रशांत सिंह एवं भविष्य थपियांल ने दो-दो विकेट लिए।

### धमतरी, कोरबा, जशपुर, कोरिया और रायगढ़ का शानदार प्रदर्शन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा



आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के दूसरे दिन बुधवार को मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम धमतरी विरुद्ध सरगुजा में धमतरी ने पांच विकेट से जीत कर छह अंक हासिल किए। राजनांदगांव में टीम कोरबा विरुद्ध नारायणपुर में कोरबा ने एक पारी एवं 11 रन से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में टीम जशपुर विरुद्ध दंतेवाड़ा में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर जशपुर को तीन अंक एवं दंतेवाड़ा को एक अंक मिला। धमतरी में टीम कोरिया जिला विरुद्ध बस्तर में कोरिया जिला ने 6 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। कवर्धा में टीम बिलासपुर ब्लू विरुद्ध रायगढ़ में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर रायगढ़ को तीन अंक एवं बिलासपुर ब्लू को एक अंक मिला। इसी तरह न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम कांकेर विरुद्ध जांजगीर चांपा में परिणाम जांजगीर चांपा ने 9 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए।

### छत्तीसगढ़ हैंडबाल टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक




**भिलाई।** उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन फ्यूचर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट, बरेली में 30 मार्च से 03 अप्रैल तक आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 20 सदस्यीय महिला टीम ने भाग लिया।प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को पूल ई में गुजरात एवं उत्तराखंड के साथ रखा गया था। पूल मैचेस में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मुकाबले में उत्तराखंड को 17-02 गोलों से पराजित किया तथा दूसरे मैच में गुजरात को 26-16 से पराजित कर प्री-क्वार्टरफईनल में प्रवेश किया। प्री-क्वार्टर फाईनल में छत्तीसगढ़ ने बिहार को 26-09 से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में राजय का मुकाबला पंजाब के साथ हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ ने पंजाब को 28-23 से हराते हुए सेमी फाईनल में प्रवेश किया। सेमीफइनल में छत्तीसगढ़ की टीम हिमाचल प्रदेश से 18-32 से पराजित होकर कांस्य पदक जीती। छत्तीसगढ़ को दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया किया।

---

आज फैटी लिवर और दूसरी परेशानियां बढ़ रही तेजी से

# हमारी सेहत के लिए बड़ी चुनौती बन कर उभर रहा लिवर में संक्रमण का खतरा, पहचानिए इससे जुड़े लक्षणों को

मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज (एमएएफएलडी) को नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के नाम से भी जाना जाता है। इसका खतरा अब तेजी से बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों की चिंता है कि साल 2050 तक दुनिया भर में 180 करोड़ से अधिक लोग इसका शिकार हो सकते हैं।

लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को काफी बढ़ा दिया है। लिवर की बीमारियों का बोझ भी अब काफी बढ़ गया है। लिवर रोगों को कुछ दशकों पहले तक बढ़ती उम्र के साथ जुड़ी समस्या के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र वाले यहां तक कि बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं।

लिवर हमारे शरीर का जरूरी अंग है। ये ऊर्जा प्रदान करने, शरीर से गंदगी को बाहर निकालने और पाचन ठीक रखने में मदद करता है, हालांकि ये अंग अब खतरे में देखा जा रहा है। लिवर की बीमारियां लंबे समय तक बिना कोई बड़ा संकेत दिए बढ़ती रह सकती हैं, ये सबसे बड़ी चिंता है। जब तक लक्षण स्पष्ट दिखते हैं, तब तक कई मामलों में नुकसान काफी ज्यादा हो चुका होता है।



मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मेटाबॉलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज (एमएएफएलडी) के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जो एक बड़ी वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है। 'द लैंसेट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार साल 1990 में 50 करोड़ लोगों से बढ़कर 2023 में दुनिया भर में लगभग 130 करोड़ लोग इसका शिकार थे। यह आंकड़ा 1990 की तुलना में 143 प्रतिशत की चौंकाने वाली वृद्धि को दर्शाता है।

### दुनियाभर में बढ़ रही है एमएएफएलडी की समस्या

मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज (एमएएफएलडी) को पहले नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के नाम से भी जाना जाता है। ये बीमारियां मेटाबोलिक सिंड्रोम जैसे मोटापा, डायबिटीज औ हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण होती हैं, इससे लिवर में फैट जमा होने लगता है। ये दुनिया भर की 30% से ज्यादा आबादी को प्रभावित करती है। अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने अलर्ट किया है कि जिस गति से ये बीमारी बढ़ती जा रही है, ऐसे में आशंका है कि 2050 तक दुनिया भर में 180 करोड़ से अधिक लोग मेटाबॉलिक लिवर की बीमारियों का शिकार हो सकता हैं। इसकी मुख्य वजह मोटापा और ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना है।



### 30 साल में 143% तक बढ़ गए मामले

'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरीज एंड रिस्क फैक्टर्स' स्टडी से मिले ये नतीजे 'द लैंसेट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी' जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एमएएफएलडी के मामले तीन दशकों में 143% तक बढ़ गए हैं। हर छह में से लगभग एक व्यक्ति (यानी 16% लोग) इससे प्रभावित है। अनुमान है कि इस बीमारी का प्रसार और भी ज्यादा हो सकता है। विशेषज्ञों ने कहा, दुनिया की आबादी में



बढ़ोतरी के साथ-साथ जीवनशैली में आए बदलाव जैसे कि बढ़ता मोटापा, हाई ब्लड शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या का लिवर की सेहत पर भी गहरा असर पड़ रहा है।

### पुरुषों में खतरा अधिक

विशेषज्ञों ने बताया कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों में एमएएफएलडी की समस्या का खतरा ज्यादा देखा गया है। 80 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों में इसका प्रसार दर ज्यादा था। प्रभावित लोगों की सबसे बड़ी संख्या कम उम्र के लोगों की थी। पुरुषों में लगभग 35-40 वर्ष और महिलाओं में 55-59 वर्ष की आयु वाले इसका सबसे ज्यादा शिकार देखे गए हैं।

---



# प्रेगनेंसी में परहेज जरूरी खानपान में बरतें सावधानी

अगर आप या आपके घर में कोई गर्भवती है, तो उन्हें अपने खाने-पीने का खास ध्यान रखना चाहिए। यहां हम आपको बताएंगे कि गर्भवतियों को गर्भावस्था के दौरान किन चीजों के सेवन से दूर रहना चाहिए। गर्भावस्था हर महिला के जीवन का बेहद खास और संवेदनशील समय होता है। इस दौरान मां का स्वास्थ्य सीधे तौर पर शिशु के विकास को प्रभावित करता है, इसलिए खान-पान का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। हम ऐसा इसलिए बता रहे हैं क्योंकि कई बार अनजाने में महिलाएं ऐसी चीजों का सेवन कर लेती हैं, जो गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए हानिकारक साबित हो सकती हैं। यही कारण है कि डॉक्टर और विशेषज्ञ गर्भवती महिलाओं को संतुलित और सुरक्षित आहार लेने की सलाह देते हैं। कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं, जिनमें बैक्टीरिया या हानिकारक तत्व पाए जाते हैं, जो गर्भपात, इंफेक्शन या बच्चे के विकास में रुकावट पैदा कर सकते हैं। इसलिए सही जानकारी और जागरूकता बहुत जरूरी है। यहां हम आपको इसी की जानकारी देंगे।



### कच्चा या अधपका भोजन

गर्भावस्था के दौरान कच्चा या अधपका मांस, अंडा और बिना पाश्चराइज किया हुआ दूध बिल्कुल नहीं लेना चाहिए। इनमें साल्मोनेला और लिस्टेरिया जैसे खतरनाक बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनते हैं। इससे मां को उल्टी, दस्त और बुखार हो सकता है, और गंभीर मामलों में यह संक्रमण बच्चे तक पहुंचकर उसके विकास को प्रभावित कर सकता है।

### ज्यादा कैफीन

कैफीन का अधिक सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम भरा हो सकता है। दिनभर में ज्यादा चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक लेने से कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे गर्भपात या बच्चे का वजन कम होने का खतरा रहता है। विशेषज्ञ आमतौर पर 200 एमजी से ज्यादा कैफीन न लेने की सलाह देते हैं।

### पैकेज्ड और जंक फूड

चिप्स, बर्गर, पिज्जा और अन्य फास्ट फूड में ट्रांस फैट, प्रिज़र्वेटिव्स और अधिक नमक-शुगर होती है। ये न सिर्फ वजन बढ़ाते हैं बल्कि ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल को भी असंतुलित कर सकते हैं, जिससे गर्भावस्था में जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

### पपीता और अनानास

कच्चा पपीता और ज्यादा मात्रा में अनानास का सेवन गर्भाशय में संकुचन पैदा कर सकता है। खासकर शुरुआती महीनों में यह गर्भपात का जोखिम बढ़ा सकता है। हालांकि पका हुआ पपीता सीमित मात्रा में सुरक्षित माना जाता है, लेकिन डॉक्टर की सलाह जरूरी है। शराब और सिगरेट का सेवन गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए बेहद खतरनाक होता है। इससे बच्चे के मस्तिष्क का विकास प्रभावित हो सकता है और जन्म के बाद शारीरिक व मानसिक समस्याएं हो सकती हैं।



---

# बिना बेकिंग सोडा के बनाएं मुलायम इडली



बिना ईनो और सोडा के नरम इडली बनाने के लिए सही अनुपात में चावल और उड़द दाल को भिगोकर पीसें, बैटर को 8-10 घंटे तक अच्छे से फर्मेंट होने दें, और स्टीम करते समय सही तापमान बनाए रखें। इससे इडली प्राकृतिक रूप से फूली और स्पंजी बनेगी।

इडली का असली स्वाद और टेक्सचर उसके बैटर की सही तैयारी और फर्मेंटेशन पर निर्भर करता है। अगर बैटर सही तरीके से तैयार किया जाए, तो बिना किसी केमिकल के भी इडली हल्की, सॉफ्ट और स्पंजी बनती है। यह तरीका न सिर्फ हेल्दी है बल्कि स्वाद में भी बेहतर होता है। इस लेख में हम आपको बिना ईनो और बिना सोडा के परफेक्ट इडली बनाने के आसान टिप्स, सही सामग्री का अनुपात, और स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया बताएंगे, जिससे आपकी इडली हर बार फूली और स्वादिष्ट बनेगी।

### इडली बनाने की सामग्री

परफेक्ट फूली फूली इडली बनाने के लिए सही अनुपात में सामग्री होना चाहिए। परफेक्ट इडली के लिए 3:1 का अनुपात सबसे अच्छा माना जाता है। 3 कप इडली चावल और 1 कप उड़द दाल। इसमें थोड़ी मेथी दाना (1 चम्मच) डालने से फर्मेंटेशन बेहतर होता है और इडली ज्यादा सॉफ्ट बनती है। अच्छी क्वालिटी की सामग्री का इस्तेमाल बहुत जरूरी है।

### इडली बनाने का तरीका

चावल और दाल को अलग-अलग 4 से 6 घंटे तक भिगोएं। पीसते समय दाल को अच्छी तरह फुलाकर स्मूद पेस्ट बनाएं। बैटर ज्यादा पतला या गाढ़ा नहीं होना चाहिए, मध्यम कंसिस्टेंसी रखें। यही इडली को मुलायम रखने का तरीका है। बैटर को 8-10 घंटे तक गर्म जगह पर ढककर रखें। ठंड के मौसम में बैटर को ओवन या कंबल में रख सकते हैं। सही फर्मेंटेशन से बैटर फूल जाता है और इसमें छोटे-छोटे एयर बबल बनते हैं, जिससे इडली बिना ईनो के ही स्पंजी बनती है। इडली स्टीमर को पहले से गर्म करें और मोल्ड में थोड़ा तेल लगाएं। स्टेप 8- बैटर डालकर मध्यम आंच पर 10-12 मिनट तक स्टीम करें। ज्यादा पकाने से इडली सख्त हो सकती है, इसलिए टाइमिंग का ध्यान रखें।

### एक्स्ट्रा ट्रिक्स

बैटर में नमक फर्मेंटेशन के बाद डालें। बैटर को ज्यादा मिक्स न करें। इडली बनाते समय पानी का स्तर सही रखें। ताजा बैटर से हमेशा बेहतर रिजल्ट मिलता है।

---

# वैशाख अमावस्या पर राशि के अनुसार करें दान, पितरों की बरसेगी कृपा



वैशाख अमावस्या 17 अप्रैल को मनाई जा रही है। यह तिथि विशेष रूप से पितरों की शांति और तर्पण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन किए गए स्नान, दान और पितृ तर्पण से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। साथ ही उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है और सभी तरह के दोष दूर होने लगते हैं। लेकिन इस दिन अपनी राशि के अनुसार कुछ चीजों का दान करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। साथ ही नौकरी-व्यापार में लाभ मिलता है।

मेष राशि के लोग लाल रंग के वस्त्रों का दान कर सकते हैं। इससे ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक लाभ के योग बनते हैं। वृषभ राशि वाले सफेद रंग की वस्तुएं जैसे चावल, दूध का दान कर सकते हैं। इससे घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। मिथुन राशि वालों के लिए मूंग की दाल का दान करना लाभकारी होता है। इससे धन प्राप्ति के मार्ग खुलते हैं। कर्क राशि वालों के लिए सफेद कपड़ों का दान करना शुभ माना जाता है। इससे पारिवारिक सुख बढ़ता है। सिंह राशि वालों को गुड़ का दान करना चाहिए। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। कन्या राशि के लोग साबुत उड़द का दान करें। इससे स्वास्थ्य बेहतर रहता है।तुला राशि वालों के लिए दही का दान करना शुभ होता है। इससे रिश्तों में मधुरता बढ़ सकती हैं। वृश्चिक राशि के लोगों को गुड़ का दान करना चाहिए। इससे तनाव दूर और सकारात्मकता आती हैं।

---


कार्नर न्यूज

कम वक्त में कुछ जरूरी आसन से आप पा सकते हैं राहत

# कमर दर्द और स्क्रीन थकान से छुटकारा पाने अपनाएं कुछ आसान योगासन, हर नौकरीपेशा के लिए है जरूरी

5 मिनट का योग जैसे मार्जरी आसन और ग्रीवा संचालन वर्क फ्रॉम होम करने वालों में कमर दर्द और स्क्रीन थकान को कम करता है और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने में मदद करता है। आज की वर्क फ्राम होम लाइफस्टाइल ने काम को आसान जरूर बनाया है, लेकिन इसके साथ कई स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ा दी हैं। घंटों तक लैपटॉप के सामने बैठना, लगातार स्क्रीन देखना और शारीरिक गतिविधि की कमी, ये सब मिलकर शरीर को धीरे-धीरे कमजोर कर देते हैं। खासकर कमर दर्द और गर्दन में अकड़न अब आम समस्या बन चुकी है, जो न केवल आपकी सेहत बल्कि आपकी प्रोडक्टिविटी पर भी असर डालती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी कुर्सी, जिस पर आप रोज घंटों बैठते हैं, वही आपकी सबसे बड़ी दुश्मन बन सकती है? लेकिन अच्छी खबर यह है कि इसका समाधान बहुत मुश्किल नहीं है। सिर्फ 5 मिनट का योग आपकी दिनचर्या में बड़ा बदलाव ला सकता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे शरीर दर्द और थकान से छुटकारा पाया जाए। अगर आप भी घंटों कुर्सी पर बैठते हैं, तो 5 मिनट का



योग आपकी सेहत और काम दोनों को बेहतर बना सकता है।

### लैपटॉप पर काम करने वालों के लिए कुर्सी बनी दुश्मन

राहुल एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, जो दिनभर अपने लैपटॉप के सामने बैठा रहता था। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन धीरे-धीरे उसे कमर दर्द और गर्दन में जकड़न महसूस होने लगी। काम का प्रेशर इतना था कि वह अपनी सेहत को नजरअंदाज करता रहा। उसकी कुर्सी अब आराम नहीं, बल्कि दर्द का कारण बन चुकी थी।

### स्क्रीन थकान और दर्द

लगातार स्क्रीन देखने से राहुल की आंखों में जलन और सिरदर्द भी बढ़ने लगा। वह जल्दी थक जाता था और उसकी प्रोडक्टिविटी भी गिरने लगी। डॉक्टर ने उसे दवा के साथ-साथ लाइफस्टाइल बदलने की सलाह दी।

### 5 मिनट का योग बन सकता है समाधान

राहुल ने हर दिन सिर्फ 5 मिनट योग करने का फैसला किया। सिर्फ दो आसनों को अपनी



दिनचर्या में शामिल करने से ही कुछ दिनों में उसे फर्क महसूस होने लगा। अगर आपको भी राहुल जैसी समस्या हो रही है तो इन दो योगासनों के अभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### मार्जरी आसन

मार्जरी आसन में मुख्य रूप से रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाने, पीठ के दर्द को कम करने और पाचन से सुधार के लिए किया जाता है। इससे कूल्हों, कंधों और गर्दन को स्ट्रेच मिलता है।

### कैसे करें अभ्यास

कैट-काऊ पोज का अभ्यास आसान है। सबसे पहले फर्श पर दोनों घुटनों और दोनों हाथों को टेक कर बिल्ली जैसी मुद्रा बनाएं। जांघों को ऊपर की ओर सीधा करके पैर के घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाएं। अब लंबी सांस लें और सिर को पीछे की ओर झुकाते हुए टेलबोन को ऊपर उठाएं। फिर सांस छोड़ते हुए सिर को नीचे की ओर झुकाएं और ठुड्डी को छाती से लगाने का प्रयास करें। इस प्रक्रिया को दोहराएं।

### ग्रीवा संचालन

ग्रीवा संचालन गर्दन की मांसपेशियों को मजबूत और लचीला बनाने के लिए ग्रीवा संचालन का अभ्यास किया जाता है।

लाइफ स्टाइल

## विंटाज का शौक



आज की दुनिया में, जहाँ 'फ़ास्ट फ़ैशन' का बोलबाला है और स्टाइल पलक झपकते ही बदल जाते हैं। एसे में पुराने क्लासिक डिज़ाइनों को फिर से अपनाना एक सुखद विद्रोह जैसा है। आप इनके जरिए यादों के उस भंवर में गोता लगा सकते हैं, जहाँ हर पहलू एक कहानी है और सबकी अपनी एक अलग ही पहचान दिखाता है। बीते ज़माने की उस नज़ाकत को अपनाइए और अपने वॉर्डरोब को पुराने और नए के एक मनमोहक मेल से सजाएँ।

# डयूई मेकअप लुक से गर्मियों में रहेंगे फ्रेश

डयूई मेकअप एक ऐसा स्टाइल है जिसमें त्वचा को नैचुरल, ग्लोइंग और हाइड्रेटेड लुक दिया जाता है। गर्मियों में इसे सही प्रोडक्ट्स और हल्के लेयरिंग के साथ अपनाया जाए तो यह फ्रेश और ब्राइट लुक देता है, लेकिन ज्यादा ऑयली स्किन वालों के लिए यह चिपचिपा भी लग सकता है। आजकल मेकअप की दुनिया में डयूई मेकअप का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर ग्लास स्किन और नैचुरल ग्लो वाले लुक ने हर किसी को आकर्षित किया है। खासकर गर्मियों के मौसम में, जब हैवी मेकअप करना मुश्किल हो जाता है, तब डयूई मेकअप एक फ्रेश और हल्का विकल्प बनकर सामने आता है। डयूई मेकअप का मतलब है ऐसा लुक जिसमें त्वचा अंदर से चमकती हुई और हाइड्रेटेड दिखे। यह मैट मेकअप के बिल्कुल विपरीत होता है और स्किन को एक सॉफ्ट, ग्लोइंग फिनिश देता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह गर्मियों के लिए सही है? गर्मी में पसीना, ऑयल और धूप का असर मेकअप को खराब कर सकता है। ऐसे में डयूई मेकअप को सही तरीके से करना बहुत जरूरी हो जाता है, वरना यह लुक जल्दी ही ऑयली और असहज लग सकता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि डयूई मेकअप क्या होता है, इसे सही तरीके से कैसे किया जाए और गर्मियों में यह आपके लिए बेस्ट है या वर्स्ट।

डयूई मेकअप एक ऐसा स्टाइल है जिसमें स्किन को हाइड्रेटेड, फ्रेश और ग्लोइंग दिखाया जाता है। इसमें हैवी पाउडर का कम इस्तेमाल होता है और लिक्विड या क्रीम बेस्ड प्रोडक्ट्स का ज्यादा उपयोग किया जाता है। इस तरह के मेकअप में त्वचा को प्राकृतिक रूप से दमकता हुआ दिखाया जाता है।



### गर्मियों में डयूई मेकअप लुक कितना सही?

यह गर्मियों के लिए बेहतरीन है। इस मौसम में कम प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें और आयल फ्री मॉइश्चराइजर चुनें। इसमें लिक्विड फाउंडेशन, हाइलाइटर और कम पाउडर का उपयोग किया जाता है। यह मेकअप स्टाइल स्किन को सॉफ्ट, यंग और फ्रेश लुक देता है।

### डयूई मेकअप लुक पाने का सही तरीका

सबसे पहले स्किन को अच्छी तरह मॉइश्चराइज करें। फिर लाइटवेट फाउंडेशन या BB क्रीम लगाएं। इसके बाद लिक्विड हाईलाइटर और क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें ताकि नैचुरल ग्लो मिले। सेटिंग स्प्रे का उपयोग करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे।

# गर्मियों में ठंडक पाने नहाने के पानी में मिलाए इसे

गर्मियों में तरोताजा रहने के लिए नहाने के पानी में गुलाब जल, नींबू, नीम पत्ते, पुदीना और चंदन मिलाना फायदेमंद होता है। ये शरीर को ठंडक देते हैं, पसीने की बदबू दूर करते हैं और त्वचा को फ्रेश रखते हैं।

आयुर्वेद और घरेलू नुस्खों में ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जिनसे शरीर को ठंडक मिलती है और स्किन भी हेल्दी रहती है। खास बात यह है कि ये चीज़ें आसानी से घर में मिल जाती हैं और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता।

गर्मियों में नहाने के टिप्स

बहुत ठंडे पानी से न नहाएं, नॉर्मल या हल्का ठंडा पानी इस्तेमाल करें। नहाने के बाद शरीर को अच्छे से मॉइश्चराइज करें। दिन में 2 बार नहाने से ज्यादा फ्रेशनेस मिलती है।नहाने के पानी में गुलाब जल मिलाने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है। इसकी खुशबू मूड को फ्रेश करती है और स्किन को भी मुलायम बनाती है। यह गर्मियों में सबसे आसान और असरदार उपाय है। नींबू में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पसीने की बदबू को दूर करते हैं। नहाने के पानी में थोड़ा नींबू रस मिलाने से शरीर साफ



और फ्रेश महसूस करता है।नीम त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसे पानी में उबालकर नहाने से स्किन इंफेक्शन, खुजली और गर्मी के दाने से राहत मिलती है। पुदीना शरीर को ठंडक देने में बहुत कारगर होता है। इसके पानी से नहाने पर त्वचा को कूलिंग इफेक्ट मिलता है और थकान भी दूर होती है।

# गर्मियों में स्टाइलिश दिखना है तो प्रिंट बदल देगा आपका पूरा लुक



गर्मियों में फ्लोरल और लाइट प्रिंट्स पहनना सबसे अच्छा विकल्प होता है। ये न सिर्फ आपको कूल रखते हैं बल्कि आपके लुक को भी फ्रेश और स्टाइलिश बनाते हैं।



गर्मी का मौसम आते ही सबसे बड़ी चुनौती होती है खुद को कूल और स्टाइलिश बनाए रखना। तेज धूप, पसीना और चिपचिपाहट के बीच ऐसा आउटफिट चुनना आसान नहीं होता जो आरामदायक होने के साथ-साथ ट्रेंडी भी लगे। ऐसे में आपके कपड़ों का फैब्रिक ही नहीं, बल्कि उनका प्रिंट भी बहुत मायने रखता है। सही प्रिंट न केवल आपके लुक को फ्रेश और आकर्षक बनाता है बल्कि आपकी पर्सनैलिटी को भी निखारता है। आजकल फैशन इंडस्ट्री में लाइट, ब्रेथेबल और आइ-कैची प्रिंट्स का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। खासकर फ्लोरल, पेस्टल और मिनिमल प्रिंट्स गर्मियों के लिए परफेक्ट माने जाते हैं। ये प्रिंट्स देखने में जितने खूबसूरत होते हैं, उतने ही पहनने में कंफर्टेबल भी होते हैं। चाहे आप कॉलेज जा रही हों, ऑफिस या फिर कैजुअल आउटिंग, सही प्रिंट आपके पूरे लुक को अपग्रेड कर सकता है।



अगर आप भी इस समर सीजन में कुछ नया और ट्रेंडी ट्राय करना चाहती हैं, तो ये लेख आपके लिए है। यहां हम आपको बताएंगे वो खास प्रिंट्स जो इस गर्मी में आपके स्टाइल को बना देंगे सुपर कूल और फैशनेबल।

### फ्लोरल प्रिंट

फ्लोरल प्रिंट हमेशा ट्रेंड में रहने वाला स्टाइल है। यह गर्मियों का सबसे लोकप्रिय और क्लासिक विकल्प है। हल्के रंगों पर छोटे-छोटे फूलों के डिजाइन न सिर्फ आंखों को सुकून देते हैं बल्कि आपको फ्रेश लुक भी देते हैं। फ्लोरल कुर्ती, ड्रेस या साड़ी हर मौके के लिए परफेक्ट होती है।

# अप्रैल-मई में झड़ते हैं ज्यादा बाल, जानिए असली वजह

अप्रैल-मई में गर्मी, पसीना, डिहाइड्रेशन और पोषण की कमी के कारण बाल ज्यादा झड़ते हैं। सही डाइट, हाइड्रेशन और स्कैल्प केयर से इसे रोका जा सकता है। गर्मियों की शुरुआत के साथ ही कई लोगों को एक आम समस्या परेशान करने लगती है, बालों का ज्यादा झड़ना। खासकर अप्रैल और मई के महीनों में यह समस्या और बढ़ जाती है। लोग अक्सर इसे नजरअंदाज कर देते हैं या इसे सामान्य मान लेते हैं, लेकिन इसके पीछे कई अहम कारण छिपे होते हैं। दरअसल, मौसम में बदलाव, तेज धूप, पसीना और स्कैल्प की देखभाल में कमी बालों को कमजोर बना देती है। इसके अलावा शरीर में पोषण की कमी और पानी कम पीना भी हेयर फॉल को बढ़ा सकता है। यही वजह है कि इस समय बालों की सही देखभाल बेहद जरूरी हो जाती है। गर्मी में लू चलती है। पसीने, तेल और धूल से स्कैल्प पर गंदगी जमती है, जिससे बालों की जड़े बंद हो जाती है और गर्मी में पसीना, तेल और धूल के मिलने से बाल झड़ने लगते हैं।धूप की यूवी किरणें बालों से नमी सोख लेती हैं जिससे वे बेजान, सूखें और कमजोर होकर टूटने लगते हैं। सिर में गर्मी और पसीने से बालों के रोम कमजोर हो जाते हैं, जिससे बालों की ग्रोथ प्रभावित होती है। शरीर में पानी की कमी के कारण बालो की जड़े सूख जाती हैं जिससे समय से



पहले बाल झड़ने लगते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। गर्मी के मौसम में शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ सकता है, जिससे बाल झड़ने लगते हैं। प्रोटीन, आयरन और विटामिन की कमी बालों को पतला और कमजोर बना देती है। संतुलित आहार बेहद जरूरी है।

### बाल झड़ने से रोकने के घरेलू उपाय

सही हेयर केयर रूटीन से बाल झड़ने से रोका जा सकता है। माइल्ड शैंपू, ऑयलिंग और स्कैल्प मसाज बालों को मजबूत बनाते हैं और हेयर फॉल कम करते हैं। गर्मियों में तेज धूप, लू और पसीने से बचने के लिए बाहर निकलते समय बालों को ढ़क लेना चाहिए। कैप या स्कार्फ से बालों को ढकने से सीधी धूप नहीं लगती।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के नए पोस्टर जारी, दिखी जेंडाया-टॉम की झलक



'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' को लेकर बढ़ती उत्सुकता के बीच, फिल्म निर्माताओं ने आज नए टीजर के साथ दो पोस्टर जारी किए हैं। सिनेमाकॉन 2026 में प्रदर्शित किए गए नए पोस्टरों में से एक में जेंडाया पर फोकस किया गया है। 14 अप्रैल को 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के दो पोस्टर जारी किए गए हैं। पहले पोस्टर में टॉम हॉलैंड अपने स्पाइडर मैन अंदाज में नजर आ रहे हैं। तो वहीं दूसरे पोस्टर जेंडाया पर फोकस किया गया है। इन दोंनों नए पोस्टर्स को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं।

'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के दोनों पोस्टर्स लास वेगास में सिनेमाकॉन इवेंट के दौरान अनाउंस किए गए। इस दौरान वहां पर फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' का एक छोटा सीन भी दिखाया गया। टॉम हॉलैंड अभिनीत यह फिल्म पूरे कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण थी।

'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है, जिन्होंने पहले 'शांग-ची' वाली फिल्म बनाई थी। निर्माताओं का कहना है कि यह फिल्म पिछली स्पाइडर-मैन फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने टॉम हॉलैंड की तारीफ करते हुए कहा कि यह उनका अब तक का सबसे अच्छा काम है। टॉम हॉलैंड ने खुद कहा कि यह अब तक की सबसे भावुक और कुछ हिस्सों में सबसे परिपक्व स्पाइडर-मैन फिल्म है।

फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के ट्रेलर में दिखाया जा चुका है कि 'स्पाइडर मैन नो वे होम' की घटनाओं के बाद दुनिया बदल चुकी है। अब पीटर पार्कर को उसके सबसे करीबी दोस्त भी नहीं पहचान पाते। एक सीन में पीटर एक दुकान पर है।

### टॉलीवुड

## सारा को साउथ की फिल्म मिलने की चर्चा, इस मशहूर अभिनेता के साथ आ सकती हैं



सारा अर्जुन आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' में अपनी अदाकारी की वजह से चर्चा में हैं। वह इस समय सबसे ज्यादा मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस बीच, एक रिपोर्ट सामने आई है कि यह स्टार, नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता धनुष के साथ एक अपकमिंग फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म के निर्देशक तमिलरासन पचामुथु होंगे।

धनुष के पास निर्देशक तमिलरासन पचामुथु के साथ एक प्रोजेक्ट है। इस फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर रुक्मिणी वसंत को चुना गया था। मगर अब ऐसा लगता है कि अब वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। वह एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म में बिजी हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स अब मुख्य अभिनेत्री के तौर पर सारा अर्जुन के नाम पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जनवरी में, अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी, जिसका अस्थायी नाम 'डी 55' रखा गया है। इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

इसके अलावा, धनुष के पास 'कारा' नाम का एक और प्रोजेक्ट भी है, जिसका प्रचार वह इन दिनों जोर-शोर से कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ ममिता बैजू नजर आएंगी। इसमें निर्देशक केएस रविकुमार, जयराम, सूरज वेंजारामूडु, करुणास और पृथ्वी पंडिराज अहम भूमिकाओं में हैं।

इस समय सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। 27 दिनों में इसने 1095.67 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इस फिल्म के पहले पार्ट 'धुरंधर' ने भी अच्छी कमाई की थी। इसमें भी सारा अर्जुन थीं।

### भोजपुरी

## कश्मीरी कुर्ते और हरियाणवी बोल पर रानी ने लगाए जमकर ठुमके



हरियाणवी बोली और हरियाणवी गानों दोनों का क्रेज इन दिनों खूब देखा जा रहा है। 'चल कॉफी पिवाएंगे, मने चा पसंद है' रील खूब ट्रेंड कर रही है। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी भी हरियाणवी बोल बोलने की कोशिश करती दिखी हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कला के क्षेत्र में भाषा संबंधी सीमाओं को तोड़ने का काम बखूबी किया है। अब बॉलीवुड सितारे भोजपुरी गानों पर डांस करते दिखते हैं तो भोजपुरी सितारों पर हरियाणवी म्यूजिक का रंग चढ़ा है। हाल ही में रानी चटर्जी ने भी हरियाणवी गाने पर जबर्दस्त डांस किया।

भोजपुरी म्यूजिक का अपना अलग आकर्षण है। ये अब सिर्फ क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देशभर में भोजपुरी गाने पसंद किए जाते हैं। इसी तरह, हरियाणवी सॉन्ग भी संगीत प्रेमियों की पसंदीदा लिस्ट में जगह बना रहा है। हाल ही में रानी चटर्जी 'आख्या में आख घाली घाली' गाने पर धमाकेदार डांस करती दिखीं। उन्होंने हरे रंग का कश्मीरी कुर्ता पहना हुआ है। रानी चटर्जी ने अपना डांस वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'कश्मीरी कुर्ता ते हरियाणवी बोल। उफ्फ मैं तो शरमा गई'। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज भी शेयर की हैं और लिखा है, 'नजर ना लग जाए'। रानी चटर्जी ने डार्क रेड लिपस्टिक और हैवी आई मेकअप से अपना लुक कंपलीट किया है।

कार्नर न्यूज

## हाल ही में दिवंगत हुईं पार्श्व गायिका आशा भोसले की फैशन स्टाइल है चर्चा में

# फैशन क्वीन थीं आशा, उनकी साड़ियों का शानदार कलेक्शन और स्टाइल जानकर रह जाएंगे दंग

पार्श्व गायिका आशा भोसले सिर्फ अपनी मधुर आवाज के लिए ही नहीं, बल्कि अपने बेहतरीन फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। दशकों तक बॉलीवुड में अपनी गायकी से राज करने वाली आशा ने अपने स्टाइल और साड़ी कलेक्शन से भी लोगों को खूब प्रभावित किया। उनका हर लुक क्लासिक, एलिगेंट और टाइमलेस रहा है, जो आज भी फैशन लवर्स के लिए प्रेरणा बना हुआ है। मशहूर सिंगर आशा भोसले ने 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। अपने सुरों से जादू बिखेरने वाली आशा भोसले के साड़ी लुक्स भी एक से बढ़कर एक थे। गुलाबी रंग की सिल्क की साड़ियां भी उन पर खूब अच्छी लगती थी।. मिनिमल जूलरी पहन अपने लुक्स को और ज्यादा खास बनाती थी। आशा भोसले का फैशन हमेशा सादगी और शाही अंदाज का मिश्रण रहा। खासकर उनकी साड़ियों का कलेक्शन बेहद खास और यूनिक था—चाहे वह सिल्क साड़ियां हों, कांजीवरम या बनारसी। हर मौके पर उनका लुक परफेक्ट और ग्रेसफुल



नजर आता था। उनकी स्टाइलिंग में ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न टच भी देखने को मिलता था, जो उन्हें बाकी से अलग बनाता था।आज के दौर में भी अगर कोई क्लासिक इंडियन फैशन की बात करता है, तो आशा भोसले का नाम जरूर आता है। आपको उनके आइकॉनिक साड़ी कलेक्शन, स्टाइलिंग टिप्स और उनके फैशन सीक्रेट्स के बारे में जरूर जानना चाहिए

### साड़ियों का शानदार और आइकॉनिक कलेक्शन

आशा भोसले के पास साड़ियों का बेहद शानदार कलेक्शन था। खासकर बनारसी, कांजीवरम और सिल्क साड़ियों में उनका लुक बेहद आकर्षक लगता था। वह हर साड़ी को इतनी खूबसूरती से कैरी करती थीं कि वह ट्रेंड बन जाता था। सियान ब्लू कलर की इस साड़ी में उनका स्टाइल और लुक बेहद ही खूबसूरत सा नजर आ रहा है। मैचिंग की मिनिमल जूलरी पहन पूरे लुक को कंप्लीट करती थी। माथे पर लाल कलर की बड़ी सी बिंदी भी हमेशा लगाती थीं। लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी उन पर बेहद ही खिलती थी। बालों में बन बनाकर गजरा लगाया करती थी।

